दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, गुरुवार 15 दिसंबर 2022, शुक्ल पक्ष षष्ठी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-08 अंक-235 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

जी-20 की कमान मिलने के साथ ही दुनिया में बढ़ती भारत की ताकत से पिद्दी पाकिस्तान और चिरकुट चीन दोनों ही पगला गए है। पाकिस्तान तो खैर नंगा नहाए क्या निचोड़े क्या वाली स्थिति में है। चीन भी बर्बादी की कगार पर पहुंच रहा है लेकिन अपनी चालबाजी से बाज नहीं आ रहा है। पहले डोकलाम फिर गलवान में मुंह की खाने के बाद उसने तवांग में भी ऐसी ही नाकाम कोशिश की लेकिन भारतीय सेना के जाबांज जवानों ने डेढ़ फुटिए चीनी सैनिकों की हड्डी पसली एक कर दी। अब भी अगर चीन इस विवाद को बढ़ाएगा तो और खता खाएगा।

//-- सुविचार --//

छोटे फैसलों से ही बड़ी सफलता मिलती है।

सूर्योदय

उदय : 7:04 प्रात:

अस्त : 5:39 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 8,005,346,141

भारत: 1,413,958,000

बाजार

सेंसेक्स : 62677.91

निफ्टी: 18660.30

गोल्ड : 55,040 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 71,000 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 5.39 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	29.7	13.4
बिलासपुर	30.0	12.2
जगदलपुर	28.7	10.5
अंबिकापुर	23.8	10.0

आज का दिवस

अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस

अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस हर साल 15 दिसंबर को बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, वियतनाम, इंडोनेशिया, केन्या, मलावी, मलेशिया, युगांडा, भारत और तंजानिया जैसे देशों में मनाया जाता है। यह पानी के बाद दुनिया में दूसरा सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाने वाला पेय है। कुछ लोगों के लिए, चाय जीवन का एक अभिन्न अंग है जो लय जोड़ती है। चीन इस समय चाय का सबसे बड़ा निर्यातक है। 2007 में टी बोर्ड ऑफ इंडिया द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, भारत में उत्पादित कुल चाय का लगभग 80 प्रतिशत घरेलू आबादी द्वारा उपभोग किया जाता है। चाय कैमेलिया सिनेंसिस के पौधे से बना एक पेय है।

आत्मानंद स्कूल, ओपन स्टेडियम, राजीव गांधी सेवा केंद्र भवन की सीएम ने दी सौगात

- **योजनाओं की जमीनी हकीकत परखनें महासमुंद के खल्लारी विधानसभा पहुंचे मुख्यमंत्री**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बुधवार को महासमुंद जिले के खल्लारी विधानसभा क्षेत्र पहुंचे। यहां ग्राम बगारपाली में उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर भेंट-मुलाकात कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यहां सीएम ने हितग्राहियों को सामग्री का वितरण भी किया। साथ ही कई विकासकार्यों की घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री ने बगारपाली तालाब के सौंदर्यीकरण का ऐलान किया। साथ ही कोमाखान में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल खोलने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि कोमाखान में शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने समाज कल्याण विभाग के 6 हितग्राहियों को

न्याय योजना की 4थी किस्त 31 मार्च के पहले

सीएम भूपेश बघेल सरकार की योजनाओं की जमीनी हकीकत परखनें के लिए ग्राम मरारकसीबहरा भी पहुंचे। भेंट मुलाकात को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बनेगी तो किसानों का ऋण माफ करेंगे, वादा सरकार बनते ही पूरा किया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त 31 मार्च के पहले मिल जाएगी। मुख्यमंत्री ने वहां उपस्थित सभी किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसका- किसका कर्ज माफ हुआ है ? इस पर एक स्वर में सहमति जताते हुए किसानों ने हां में जवाब दिया।

सहायक उपकरण और डेमो चेक वितरित किए। इसके तहत उन्होंने 2 हितग्राहियों को राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत 20-20 हजार रुपए का डेमो चेक, एक-एक हितग्राही को मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल, व्हील चेयर, सीपी चेयर और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बिलासपुर में कांग्रेस नेता की गोली मारकर हत्या

- **बदमाशों ने दिनदहाड़े दिया वारदात को अंजाम**

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में कांग्रेस नेता की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई है। वो कार से कहीं जा रहे थे। उसी वक्त बदमाश पहुंचे और दिनदहाड़े उन्हें गोली मार दी। वारदात को अंजाम देकर बदमाश फरार हो गए। मामला सकरी थाना क्षेत्र का है। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक कांग्रेस के पूर्व जिला महामंत्री संजू त्रिपाठी बुधवार दोपहर को सकरी बाइपास की तरफ से कहीं जान रहे थे। इसी दौरान बदमाशों ने पहले उन्हें रोका। फिर उनके सिर पर गोलियां दाग दीं। घटना के वक्त आस-पास कुछ लोग मौजूद थे। मगर वह कुछ कर पाते इसके पहले ही बदमाश मौके से भाग निकले।

जमीन का काम करता था मृतक

जानकारी के मुताबिक, जमीन का काम करता था। ऐसे में माना जा रहा है कि जमीन से जुड़े किसी मामले में उसकी हत्या की होगी। फिलहाल हमलावरों का सुराग नहीं मिला है। आसपास के लोगों से पूछताछ हमलावरों की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस जांच के बाद ही मामले की वास्तविकता सामने आएगी।

आसपास के लोगों ने ही पुलिस को इस घटना की सूचना दी थी। जिसके बाद एसएसपी पारुल माथुर समेत पुलिस के सीनियर अधिकारी मौके पर पहुंचे। कार की शीशें टूट चुके हैं। परिजनों को भी इस बारे में जानकारी दे दी गई। कहा जा रहा है कि बदमाशों ने अपना चेहरा ढंक रखा था। जिसके चलते लोग उन्हें नहीं देख पाए हैं। पुलिस ने मौके से गोलियों के टुकड़े बरामद किए हैं। फॉरेंसिक की टीम को भी बुलाया गया है। बताया जा रहा है कि यह पूरी वारदात जमीन विवाद को लेकर हुई है। मगर पुलिस ने इस बात की कोई जानकारी अभी नहीं दी है।

दो कार से भागे हमलावर

हमलवारों ने पहले से वारदात की पूरी योजना बनाई थी। मौके पर एक कार पहले से मौजूद थी। वहीं एक कार संजू की पीछे से आ रही थी। संजू के ओवरब्रिज के नीचे पहुंचते ही दोनों कार की मदद से संजू का रास्ता रोक दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों कार से फरार हो गए। संजू की कार को रोकने के बाद हमलावर तेजी से बाहर निलके और दोनों ओर से कार को घेर लिया। इसके बाद गोलियां चलाने लगे। इससे संजू को बचने का मौका ही नहीं मिला। पुलिस को मौके से नौ खोखे मिले हैं।

शराब से 20 मौत, सवाल पर भड़के नीतीश कुमार

- **विधानसभा में बीजेपी विधायकों से बोले- ए क्या हो गया, चुप हो जाओ**

पटना। बिहार के छपरा में जहरीली शराब से 20 लोगों की मौत हो गई है। कई लोगों का इलाज चल रहा है। इन मौतों को लेकर बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र में जमकर हंगामा हुआ। बीजेपी ने इन मौतों के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जिम्मेदार ठहराया और सदन के अंदर और बाहर नीतीश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। विपक्ष के हंगामे से नीतीश कुमार ने अपना आपा खो दिया। गुस्से में उन्होंने बीजेपी विधायकों की तरफ इशारा किया और कहा- क्या हो गया, ए, चुप हो जाओ। मुख्यमंत्री के इस व्यवहार से बीजेपी विधायक नाराज हो गए और

नीतीश को माफी मांगने को कहा। भारी हंगामे के बाद सदन कल तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

जहरीली शराब से पहले भी मरते रहे हैं लोग

जहरीली शराब से मौतों पर मद्य निषेध मंत्री सुनील कुमार का अजीब बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने भी कानून बनाया, लेकिन इसके बाद भी रेप और हत्या हो रही है ना। शराबबंदी भी वैसे ही है। शराब से मौत तो दूसरे राज्यों में भी हो रही है।

सुको में भरे जाएंगे जजों के खाली पद, 5 जजों के नाम की सिफारिश

नई दिल्ली। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने मंगलवार को शीर्ष अदालत के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए उच्च न्यायालय के पांच न्यायाधीशों के नामों की सिफ ारिश की है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों के रूप में जिन पांच न्यायाधीशों की नियुक्त के लिए सिफ ारिश की गई है उनमें राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति पंकज मिथल,

पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय करोल, मणिपुर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति पीवी संजय कुमार, पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा का नाम शामिल है।

श्रेयस शतक के करीब, पुजारा चूके, पहले दिन 6 विकेट पर बनाए 278 रन

नई दिल्ली (ए.)। बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज गंवाने के बाद टीम इंडिया ने पहले टेस्ट के पहले ही दिन 6 विकेट खोकर 278 रन बना लिए हैं। उसने पहले सेशन में तीन विकेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी की। हालांकि, आखिरी सेशन के अंतिम ओवरों में बांग्लादेशी गेंदबाजों ने चेतेश्वर पुजारा और अक्षर पटेल को आउट कर मेजबानों को बराबरी पर ला दिया। चट्टोग्राम में बुधवार को टीम इंडिया ने टॉस जीतकर बैटिंग करने

का फैसला लिया। स्टंप्स पर श्रेयस अय्यर 82 रन के निजी स्कोर पर नाबाद लौटे। जबकि, दिन की आखिरी बॉल पर अक्षर पटेल 14 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मेहदी हसन मिराज ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बांग्लादेशी गेंदबाजों का दबदबा

पहले सेशन के खेल में मेजबान टीम का दबदबा रहा। लंच तक भारत ने 26 ओवर में 85 रन बनाने में तीन विकेट गंवा दिए थे। टीम के टॉप-3 बल्लेबाज आउट होकर पवेलियन लौट गए थे। पारी की शुरुआत करने आए कप्तान केएल राहुल 22, शुभमन गिल 20 और विराट कोहली 1 रन बनाकर आउट हुए। इस सेशन में बांग्लादेश की ओर से तैजुल इस्लाम ने 2 विकेट चटकाए। जबकि खालिद अहमद को एक विकेट मिला। भारत ने चाय ब्रेक तक 4 विकेट पर 174 रन बनाए।

फिरोजाबाद में सड़क हादसे में छह की मौत, 21 घायल

फिरोजाबाद (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद के नगला खंगार क्षेत्र में बुधवार को आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर एक बस के मिनी ट्रक से टकराने के बाद पुल के नीचे गिरने से छह यात्रियों की मृत्यु हो गयी जबकि 21 अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आज तड़के आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के 61 किलोमीटर माइल स्टोन पर यह हादसा उस समय हुआ जब लुधियाना से रायबरेली जा रही एक प्राइवेट बस डीसीएम से टकराकर नीचे जा गिरी। इस हादसे में एक महिला और उसके पुत्र समेत छह लोगों की मृत्यु हो गयी जबकि 21 लोग घायल हुए हैं। जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रणविजय सिंह, और थाना पुलिस के साथ यूपीडा की टीम ने मौके पर पहुंच कर राहत कार्य शुरू किया गया। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया जबकि अन्य सुरक्षित यात्रियों को दूसरी बस की व्यवस्था कर आगे के लिए रवाना कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रणविजय सिंह ने बताया कि लुधियाना से रायबरेली की ओर जाने वाली प्राइवेट बस लखनऊ एक्सप्रेस वे पर बुधवार सुबह डीसीएम से टकरा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

विवादों में घिरी शाहरूख व दीपिका की फिल्म पठान

भोपाल/नवप्रदेश। शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण स्टारर मूवी पठान रिलीज से पहले विवादों में घिर गई है। इसका टीजर बुधवार को रिलीज हुआ। इसका पहला गाना 'बेशरम रंग...' भी रिलीज कर दिया गया है। इसमें शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण ने बेहद हॉट और बोल्ड सीन दिए हैं। इस गाने में दीपिका ने भगवा रंग की बोल्ड ड्रेस पहनी है, इसे लेकर मूवी का विरोध हो रहा है। मध्य प्रदेश के गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा- पठान फिल्म के गाने में अभिनेत्री की वेशभूषा और दृश्यों को ठीक करें, नहीं तो फि ल्म को प्रदेश में अनुमति दी जाए अथवा नहीं, इस पर फैसला किया जाएगा। इस मामले में नेता प्रतिपक्ष ने भी फि ल्म के सीन्स को लेकर आपत्ति जताई है। मिश्रा ने कहा कि फि ल्म के गाने में उपयोग की गई कॉस्ट्यूम पहली नजर में बेहद आपत्तिजनक है।



साफ दिख रहा है कि यह गाना दूषित मानसिकता के कारण फिल्माया गया है। वैसे भी दीपिका पादुकोण टुकड़े-टुकड़े गैंग की समर्थक रही हैं, इसलिए इन सीन्स को ठीक करें।

चार विधायक भाजपा में शामिल

नयी दिल्ली (वार्ता)। मेघालय में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले चार विधायक बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। सभी विधायक एनईडीए के संयोजक और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा और अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुए। इन विधायकों में नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) से दो विधायक फेरलिन संगमा और बेनेडिक मारक, तृणमूल कांग्रेस से एचएम शांगप्लियांग और निर्दलीय विधायक सैमुअल संगमा हैं। श्री सरमा ने विधायकों को बधाई देते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए इन विधायकों के पार्टी में शामिल होने से राज्य में भाजपा को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा, आज ये विधायक भाजपा में शामिल हो गए क्योंकि उन्होंने पूर्वोत्तर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास के एजेंडे में अपना विश्वास जताया है। मुख्यमंत्री ने कहा पार्टी में शामिल होने वाले विधायकों का अनुभव अगले साल राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी मजबूत प्रदान करेगा। श्री शांगप्लियांग, फेरलिन सांगमैन और बेनेडिक मारक ने पिछले महीने विधानसभा अध्यक्ष मेटबाह लिंगदोह को अपना ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

चीनी हैकर्स ने किया था AIIMS सर्वर पर अटैक, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन बहाल

पदयात्रा... पायलट बोले- चीन को मुंहतोड़ जवाब दें, हम सरकार के साथ खड़े हैं, गहलोत ने केंद्र पर साधा निशाना

भारत जोड़ो यात्रा से जुड़े पूर्व आरबीआई गवर्नर, चलते-चलते राहुल से की लंबी बातचीत

जयपुर। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में बुधवार को आरबीआई के पूर्व गवर्नर एन रघुराम राजन जुड़े। राहुल गांधी ने राजन के साथ लंबी चर्चा की। टी ब्रेक तक लगातार दोनों बातचीत करते हुए चल रहे थे। आर्थिक मुद्दों पर रघुराम राजन बेबाक राय रखते रहे हैं। गौरतलब है कि भारत जोड़ो यात्रा में लगातार अलग-अलग क्षेत्रों के लोग जुड़ रहे हैं। राहुल गांधी और रघुराम राजन के बीच आधे घंटे से ज्यादा समय बातचीत हुई। दोनों ने एक डॉक्यूमेंट्री के लिए आर्थिक मुद्दों पर अपनी राय रखी। रघुराम राजन को यूपीए के दूसरे कार्यकाल में रिजर्व बैंक ऑफ

इंडिया का गवर्नर बनाया गया था। इधर, यात्रा के दौरान मीडिया से बातचीत में पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने भारत-चीन सीमा विवाद पर कहा, जब यह घटना घटी, उसके 5 दिन बाद सरकार का स्टेटमेंट आया है, लेकिन उसमें कुछ भी नया नहीं है। केंद्र सरकार को चाहिए इस मुद्दे पर विपक्ष को विश्वास में लेकर चर्चा करें। इस मसले पर पूरा देश सरकार के साथ खड़ा है, लेकिन बिना पारदर्शिता लाए हम कैसे आगे बढ़ेंगे। सच्चाई के साथ केंद्र सरकार को चर्चा करनी चाहिए। अगर सीमा पर चीन अतिक्रमण करना चाहता है तो उसका मुंह तोड़ जवाब देना चाहिए। सीएम अशोक गहलोत ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्र सरकार पर हमला बोला। गहलोत ने कहा- लोग कहते हैं कि 2024 के बाद मोदी चुनाव करवाएंगे या नहीं, इस तरह की बातें चल रही हैं, यह खतरनाक धारणा है। मुझे पूरा विश्वास है कि लोकतंत्र कायम रहेगा और मोदी इसे कायम रखेंगे। हालांकि उनके बारे में इस तरह की चर्चा चलना क्या साबित करता है?

कांग्रेस महासचिव ने केंद्र व पीएम पर साधा निशाना

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने केंद्र सरकार और पीएम मोदी पर निशाना साधा। जयराम रमेश ने कहा कि पीएम दावा करते हैं कि वे गैर बीजेपी दलों की राज्य सरकारों की सुनते हैं। यह बात पूरी तरह गलत है। राजसथान की ईआरसीपी को केंद्र ने अटका रखा है। ईआरसीपी पर राज्य सरकार के साथ भेदभाव किया जा रहा है। इससे साफ है कि पीएम जो बोलते हैं वो सच नहीं होता। बार-बार गुजरात मॉडल की बात करते हैं। पीएम का मतलब अब प्रधानमंत्री या प्राइम मिनिस्टर नहीं रह गया, पीएम का मतलब अब पैकेजिंग एंड मार्केटिंग हो गया है।

संपादकीय

विस्तारवादी चीन को एक और झटका

विस्तारवादी नीति के पोषक चीन ने एक बार फिर भारत में घुसपैठ की नाकाम कोशिश की है लेकिन भारतीय सेना के जाबांज जवानों ने चीनी सैनिकों को पीछे ढकेल कर उसे एक और झटका दे दिया है। पहले डोकलाम में और फिर उसके बाद गलवान घाटी में भी चीनी सैनिकों ने घुसपैठ की थी और भारतीय सेना के जवानों के साथ उनकी झड़प हुई थी। इसके बाद चीनी सैनिकों को वहां से भागना पड़ा था। इस बार चीनी सैनिकों ने अरूणाचल प्रदेश के तवांग में घुसपैठ करने की कोशिश की लेकिन सीमा पर सतर्क भारतीय सेना ने चीनी सैनिकों के दांत खट्टे कर दिए। नतीजतन लगभग 300 की संख्या में चीनी सैनिकों को दुम दबाकर भागना पड़ा। हालांकि इस झड़प में 7-8 भारतीय सैनिक भी घायल हो गए लेकिन पचास से ज्यादा चीनी सैनिक घायल हुए। जिनमें से कुछ की तो हड्डी पसली भी टूट गई है। भारतीय सेना के इस पराक्रम के सामने एक बार फिर चीन को घुटने टेकने पड़े है। दरअसल चीन तवांग पर स्थित ब्लैक टाप पोस्ट पर कब्जा करना चाहता है जो सामरिक दृष्टि से बेहद महत्वपूण है। लगभग 14000 फीट की ऊंचाई पर स्थित इस पोस्ट से भारत चीन सीमा पर ही नहीं बल्कि अकसाई चीन पर भी नजर रखी जा सकती है। यही कारण है कि चीन इस पोस्ट पर कब्जा करने के मंसूबे पाले हुए है लेकिन भारत उसके इस नापाक इरादे को कामयाब नहीं होने दे रहा है। भारत ने तो अकसाई चीन की सीमा तक जल्द से जल्द सैनिक साजों सामान पहुंचाने के लिए सड़कों और पुलों का भी निर्माण कर लिया है जो चीन को रास नहीं आ रहा है। अब यदि कभी भारत और चीन के बीच युद्ध की नौबत आती है जो पलक झपकते ही भारतीय सेना के जवान टैंक और अन्य साजों सामान चीन की सीमा पर पहुंच जाएंगे। चीन भारत की इस बढ़ती ताकत से वाकिफ हो चुका है इसी लिए वह कभी डोकलाम कभी गलवान तो कभी तवांग में इस तरह की उकसावे वाली कार्यवाही करता रहता है। जिसका भारत उसे माकूल जवाब भी दे रहा है लेकिन चालबाज चीन बार बार मुंह की खाने के बाद भी इस तरह की हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। अभी भी उसने सीमा पर तनाव बढ़ाने के लिए चीनी सैनिकों की संख्या में 60 प्रतिशत तक की वृद्धि कर दी है। जवाब में भारत ने भी अरूणाचल प्रदेश से लेकर सिक्किम तक की सीमा पर अपने सैनिकों की संख्या बढ़ा दी है और भारतीय सेना पुरी चौकसी बरत रही है ताकि चीन की किसी भी चाल का मुंहतोड़ जवाब दिया जा सकें। इधर चीन की इस हरकत को लेकर विपक्ष ने संसद में सरकार को घेरने की कोशिश की है और केन्द्र सरकार पर आरोप लगाया है कि उसकी कमजोरी के कारण चीन ने घुसपैठ की है। इसका जवाब देते हुए केन्द्रीय रक्षामंत्री ने सदन को आश्वस्त किया है कि भारतीय सेना ने चीनी सैनिकों के घुसपैठ की कोशिश को नाकाम किया है और भारत चीन को एक इंच जमीन भी नहीं लेने देगा। सरकार के इस बयान पर विपक्ष ने उंगली उठाई है जो उचित नहीं है। ऐसे समय में सत्तापक्ष और विपक्ष को साथ मिलकर देश की सेना के साथ खड़े होना चाहिए और भारतीय सेना के शौर्य पर गर्व कर उनका हौसला बढ़ाना चाहिए।

भारत की जी20 अध्यक्षता, अनूठा अवसर

चंद्रजीत बनर्जी

भारत में तेजी से डिजिटलीकरण हो रहा है, जो खुदरा, फिनटेक, शिक्षा और कई अन्य क्षेत्रों को बढ़ावा दे रहा है। 1.17 बिलियन मोबाइल फोन ग्राहकों और 700 मिलियन इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के साथ, भारत में अक्टूबर 2022 के दौरान यूपीआई पर 7 बिलियन लेन-देन हुए। देश ने अपने वैक्सीन मिशन के लिए भी डिजिटल तकनीक को सफलतापूर्वक लागू किया है। इन क्षेत्रों में भारत का नेतृत्व, आने वाले वर्ष में जी20 को अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। इसे दुनिया के व्यवसायों के सुझावों का समर्थन मिलेगा, जो जी20 संवाद समूहों के सबसे बड़े समूह, बी20 के तहत विचारों को विकसित करेगा। नामित बी20 सचिवालय के रूप में, भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने सरकार सहित अन्य हितधारकों के परामर्श से, परिचर्चा के लिए नौ प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को रेखांकित किया है।

पिछले महीने बाली में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान राजनेताओं की घोषणा में 'अद्वितीय बहुआयामी संकट' के बारे में बात की गई थी, जिसका वर्तमान में दुनिया सामना कर रही है। इसमें सार्वजनिक निवेश में वृद्धि करने के साथ-साथ निजी निवेश को बढ़ावा देने और बहुपक्षीय व्यापार को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। वैश्विक अर्थव्यवस्था, सतत विकास और डिजिटलीकरण से संबंधित इसकी कई नीतिगत कार्रवाइयां; जी20 के व्यवसाय संवाद समूह, व्यापार 20 (बी20) द्वारा की गई सिफारिशों के अनुरूप थीं। भू-राजनीतिक संबंधों के प्रत्यक्ष बदलाव के समय में, जी20 अध्यक्ष के रूप में भारत की भूमिका वैश्विक स्थिरता और व्यापक आर्थिक समन्वय पर केन्द्रित होगी, क्योंकि राष्ट्र महामारी के बाद, यूक्रेन संघर्ष और जलवायु परिवर्तन से निपटने का प्रयास कर रहे हैं।



वसुधैव कुटुम्बकम या ÷एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य÷ की थीम समसामयिक चुनौतियों को देखते हुए पूरी तरह उपयुक्त है और यह सामान्य वैश्विक मुद्दों का सामना करने के सन्दर्भ में, पूरी दुनिया को साथ मिलकर काम करने के लिए एक मंच देती है। बाली में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने जोर देते हुए कहा था, ÷भारत की जी20 अध्यक्षता समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्रवाई-उन्मुख होगी। भारत ने शेरपा ट्रैक के तहत 13 कार्य समूहों का गठन किया है, जो रोजगार, डिजिटल अर्थव्यवस्था और व्यापार तथा निवेश समेत अन्य क्षेत्रों पर सिफारिशें प्रदान करेंगे। वित्त ट्रैक के तहत, जी20 के वित्त मंत्री और केंद्रीय बैंक व्यापक आर्थिक विकास, आर्थिक जोखिम और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संरचना तथा अन्य बातों पर चर्चा करेंगे।

भारत द्वारा रेखांकित की गयी प्राथमिकताएं, दुनिया के सामने मौजूद महत्वपूर्ण मुद्दों का प्रतिनिधित्व करती हैं। जी20 देशों के बीच सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में, भारत ने व्यापार और निवेश, जलवायु परिवर्तन शमन तथा डिजिटलीकरण जैसे क्षेत्रों को उल्लेखनीय रूप से प्रभावित किया है और देश आने वाले वर्ष में जी20 के नीतिगत निर्णयों को अंतिम स्वरूप देने के क्रम में एक बड़े विकासशील राष्ट्र के रूप में अपनी अंतर्दृष्टि का उपयोग कर सकता है। वैश्विक व्यापार, 2022 की अपेक्षित विकास दर 3.5 प्रतिशत की तुलना में धीमा होकर 2023 में केवल 1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। भारत आज उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) जैसी प्रगतिशील नीतियों, कारोबार में आसानी मिशन तथा अवसंरचना निर्माण, जिसने इसे वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के विविधीकरण में योगदान देने में सक्षम बनाया है, की मदद से एक वैश्विक विनिर्माण और व्यापार केंद्र के रूप में उभरा है। सतत विकास के सन्दर्भ में, भारत 2023 के जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक में शीर्ष 5 पायदान वाले राष्ट्र के रूप में उभरा है, जो जी20 के बीच सबसे बेहतर है। भारत ने प्रमुख क्षेत्रों के लिए अपनी दीर्घकालिक कम उत्सर्जन विकास रणनीति पेश की है और नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, ई-गतिशीलता और मिश्रित ईंधन में महत्वपूर्ण पहल कीं हैं, जो इसे अपने राष्ट्रीय निर्धारित योगदान के मार्ग पर आगे बढ़ाते हैं।

व्यापार के लिए बी20 भारत की प्राथमिकताएं-विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में एकीकरण, सेवा व व्यापार का विविधीकरण और अफ्रीकी साझा बाजार के अवसरों का उपयोग करने पर ध्यान केंद्रित करेंगी। वित्तीय समावेशन के विस्तार के साथ वित्तपोषण व अवसंरचना के विकास की भी पहचान की गई है। प्रौद्योगिकी के तहत नवाचार और आरएंडडी, डिजिटल बदलाव और कार्य का भविष्य, कौशल निर्माण तथा मोबिलिटी जैसी प्राथमिकताओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बी20 के विचार-विमर्श से ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन और संसाधन दक्षता आदि क्षेत्रों को भी बहुत लाभ मिलने की उम्मीद है।

भारत में तेजी से डिजिटलीकरण हो रहा है, जो खुदरा, फिनटेक, शिक्षा और कई अन्य क्षेत्रों को बढ़ावा दे रहा है। 1.17 बिलियन मोबाइल फोन ग्राहकों और 700 मिलियन इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के साथ, भारत में अक्टूबर 2022 के दौरान यूपीआई पर 7 बिलियन लेन-देन हुए। देश ने अपने वैक्सीन मिशन के लिए भी डिजिटल तकनीक को सफलतापूर्वक लागू किया है। इन क्षेत्रों में भारत का नेतृत्व, आने वाले वर्ष में जी20 को अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। इसे दुनिया के व्यवसायों के सुझावों का समर्थन मिलेगा, जो जी20 संवाद समूहों के सबसे बड़े समूह, बी20 के तहत विचारों को विकसित करेगा। नामित बी20 सचिवालय के रूप में, भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने सरकार सहित अन्य हितधारकों के परामर्श से, परिचर्चा के लिए नौ प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को रेखांकित किया है।

व्यापार के लिए बी20 भारत की प्राथमिकताएं-विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में एकीकरण, सेवा व व्यापार का विविधीकरण और अफ्रीकी साझा बाजार के अवसरों का उपयोग करने पर ध्यान केंद्रित करेंगी। वित्तीय समावेशन के विस्तार के साथ वित्तपोषण व अवसंरचना के विकास की भी पहचान की गई है। प्रौद्योगिकी के तहत नवाचार और आरएंडडी, डिजिटल बदलाव और कार्य का भविष्य, कौशल निर्माण तथा मोबिलिटी जैसी प्राथमिकताओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बी20 के विचार-विमर्श से ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन और संसाधन दक्षता आदि क्षेत्रों को भी बहुत लाभ मिलने की उम्मीद है। भारत की जी20 अध्यक्षता के एक भाग के रूप में, भारतीय व्यवसायों के पास इस वर्ष अपने दृष्टिकोण को साझा करने और वैश्विक आर्थिक विकास एवं स्थिरता को बढ़ावा देने का एक अनूठा अवसर है। अपनी उद्यमशील प्रतिभा, नवाचार और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ, हम दुनिया को अपनी ताकत दिखा सकते हैं, क्योंकि बी20 भारत संवाद को अंतिम स्वरूप दिया जा रहा है।

विचार

कालेजियम विवाद का हल निकलना चाहिए

हाल ही में केंद्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू ने दो बार सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम सिस्टम की आलोचना करते हुए कहा कि दुनिया में कहीं भी ऐसा कॉलेजियम नहीं है। यह जजों की नियुक्ति करने का मनमाना तरीका है जिसमें पारदर्शिता बिल्कुल भी नहीं है। किरण रिजिजू जिस कार्यक्रम में कॉलेजियम की आलोचना कर रहे थे उसमें पूर्व मुख्य न्यायाधीश यू ललित भी मौजूद थे। उन्होंने कानून मंत्री को जवाब दिया और कहा कि प्रत्येक व्यवस्था में खामी हो सकती है। इसलिए खामी को सुधारा जाना चाहिए, पूरे सिस्टम को बदलने की आवश्यकता नहीं है। सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के जजों की नियुक्ति को लेकर सरकार और न्यायपालिका के बीच टकराव कोई नई बात नहीं है, लेकिन पिछले कुछ समय से टकराव गहराता दिख रहा है, विशेष तौर पर केंद्रीय कानून मंत्री के उस बयान के बाद जिसमें उन्होंने कॉलेजियम सिस्टम को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं।

वास्तव में इस मुद्दे पर पिछले काफी समय से समय-समय पर उठती रहती है कि सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में जज चुने जाने की प्रक्रिया में भयंकर भाई-भतीजावाद है जिसे न्यायपालिका में 'अंकल कल्चर' कहते है, यानी ऐसे लोगों को जज चुने जाने की संभावना ज्यादा होती है जिनकी जान.पहचान के लोग पहले से ही न्यायपालिका में उच्चे पदों पर आसीन हैं। कॉलेजियम बहुत पुराना सिस्टम नहीं है और इसके अस्तित्व में आने के लिए सुप्रीम कोर्ट के तीन फैसले जिम्मेदार हैं जिन्हें 'जजेस केस' के नाम से जाना जाता है। सरकार और न्यायपालिका के बीच तनातनी की शुरूआत साल 2014 से हुई जब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जब देश में एनडीएन सरकार बनी। नरेंद्र मोदी केंद्र सरकार ने वर्ष 2014 में ही संविधान में 99वाँ संशोधन करके नेशनल ज्यूडिशियल अप्वाइंटमेंट कमीशन (एनजेएसी) अधिनियम लेकर आई। इसमें सरकार ने कहा कि चीफ जस्टिस और सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट में जजों की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम की जगह अब एनजेएसी के प्रावधानों के तहत काम हो। 2014 में संविधान में संशोधन करके केंद्र सरकार ने कुछ और अहम बदलाव किए। बड़ा बदलाव ये था कि संसद को यह अधिकार दिया गया कि वह भविष्य में सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के जजों की नियुक्ति से जुड़े नियम बना सकता है या उनमें फेरबदल कर सकता है। अक्तूबर 2015 को सुप्रीम कोर्ट ने इस नेशनल ज्युडिशियल अप्वाइंटमेंट्स कमीशन अधिनियम को 'संविधान के आधारभूत ढांचे से छेड़छाड़' बताते हुए रद्द कर दिया।

कोरोना के बाद की स्थिति को व्यक्त करता व्यंग्य

मूर्खता मेरी पहचान

डॉ किशोर अग्रवाल

दवाइयों की मात्रा और दरों का भी यही हाल है यदि आपने 6 महीने लगातार कोई दवाई हर महीने खरीदी है तो आप पाएंगे कि इतनी ही अवधि में दवा के दाम डेढ़ गुने से भी ज्यादा कर दिए गए हैं और इसके खिलाफ आवाज उठाने के लिए ना तो कोई राजनीतिक पार्टी सामने आती है ना ही उपभोक्ता । जब बेचने वालों को बना बनाया मूर्ख सामने मिलता है तो वह क्यों नहीं लूटेगा? देहातों से आने वाली साधारण सब्जियां धनिया ,टमाटर, मूली भाजी ,सेम या अन्य ग्रामीण सब्जियां बाजार में ढूंढने से नहीं मिलती । वर्णसंकर टमाटर बाजार पर कब्जा जमाए बैठे हैं । दवा, खाद और संकर नस्ल के बीजों से उगाई सब्जियां स्वादहीन है और बीमारियां बांट रही है। लोग रोना रोते हैं पर इनका बहिष्कार कर देसी सब्जियों की मांग करने वालों का कोई फोरम नहीं है।

मी लॉर्ड मैं पैदाइशी मूर्ख हूं, मूर्खता ही मेरी पहचान है , मैं सदियों से मूर्ख रहता आया और परिणाम भी भोगे ,परंतु मैं चेतन बिल्कुल नहीं होना चाहता मूर्ख ही बना रहना चाहता हूं। अब कोई माई का लाल यह कहकर डींग नही मार सकता कि उनके जमाने में अकाल में या प्लेग में हजारों मौतें हुई और वही अकेले हैं जिन्हें यह कहने का पट्टा मिला हुआ है। अब कोरोना की विभीषिका के बाद इस पीढ़ी में हम वह हैसियत हासिल कर चुके हैं कि इन बुजुर्गो को जवाब दें सके कि हमारा अनुभव तुमसे ज्यादा है हमने जितनी लाशें तैरती और फुंकती देखी हैं उनसे भी ज्यादा लावारिस और फेंकी हुई देखी है । पर सुनने वाला है कौन? कोई जिंदा बचा हो तो उसे सुनाएं । जिन बुजुर्गो की मैं बात कर रहा हूं वे महामारी निपट गए और प्लेग में मरे लोगों से मिलने वहीं जा चुके हैं।

कोरोना की महामारी से ज्यादा भयावह स्थिति अब सामने आई है । जो मित्र थे, रिश्तेदारों में समझदार थे ,जो हिम्मत बनाने वाले लोग थे अधिकांश ही इस महामारी की भेंट चढ़ गए। कभी किसी समारोह में आमंत्रित करने हेतु आमंत्रितों की सूची फाइनल करनी हो तो नामों के आगे जितने सही के चिन्ह लगते हैं उससे ज्यादा क्रास लगाने पड़ते हैं।

आज कैसे सारे ही लोग फुदकने लगे हैं । जिनकी शक्लें ढूंढने से देखने को नही मिलती थी वे सारे प्राइवेट डॉक्टर फिर पुजने लगे हैं। हजार हजार रुपए कंशलटेशन फीस कर रखी है जी। सब विशेषज्ञ बने फिर से क्लीनिकों की शोभा बढ़ा रहे हैं। सारी बीमारियां लौट आई हैं । ब्लड प्रेशर ,हाइपर टेंशन, शुगर, पीलिया, इनसोम्निया , हार्ट अटैक के साथ साथ गुप्त रोग तक तब गुप्त हो गए थे उन दिनों इन सबका नाम कोरोना हुआ करता था । किसी को तब कोई बीमारी परेशान भी नही कर रही थी । कोई इलाज भी नही कर रहा था। सरकारी डॉक्टरों का मजाक उड़ाने वाले सारे अवसरवादी प्राइवेट डॉक्टर गायब थे, अब सब आ गए हैं । बीमारियों के शौकीन मरीजों की बन आई है। अस्पताल धडल्ले से चल निकले हैं। जिस कोरोना का कोई इलाज मालूम ना था उसी के इलाज के लिए मरीजों को भरती कर पचास पचास हजार में रेमडिसियर का डोज लगाने वाले मुस्कुरा मुस्कुरा कर अब

खुद को फिर आपका फैमिली डॉक्टर बताने लगे हैं।

डेंटल सर्जन जब बेड नही बेच सके तो जुगाड़ लगाकर वैक्सीन लगाने का कमाई का धंधा खोज लाए। मलेरिया गोली और मच्छरदानी बांटने वाली और ब्लड डोनेशन का कैंप लगाने तक सीमित रेड क्रॉस सोसायटी जिसने सरकारी जमीनों पर अपनी बड़ी बड़ी बिल्डिंगें बना रखी है और जिसका कलेक्टर मुखिया होता है । इस रेडक्रॉस के ऑफिस में अभिजात्य घरों के डोनेशन पर पढ़े निकम्मे डॉक्टर सुंदर सुंदर कपड़ों में सज कर मीटिंग करते एक दूसरे को बधाइयां देते नही अघाते । ये कोई भी इस बीमारी के निदान के लिए कहीं नही दिखे इस महामारी में। पर हमें इन पर कोई ऐतराज नहीं है । बेचारे हमारा क्या लेते हैं ? होटल वालों का धंधा कथित तौर पर चौपट हो गया था । होशियार डॉक्टरों और हॉटल मालिकों ने सांठ गांठ कर बंद पड़े होटलों को हॉस्पिटल में बदल दिया और अच्छे पैसे सूंते। अब होटल फिर ठसा ठस भरे हैं डेढ़ी कीमत खींच रहे हैं । कोरोना का रोना अभी भी बाकी है। होटल के जिन कमरों में मरीज मर गए अब वहां हनीमून के जोड़े ठहरते हैं।

हवाई यात्रा या अन्य आवागमन के तब बंद कर लिए गए साधन अब खुलकर खेल रहे हैं। महामारी के समय इंसान पैदल चला, तलुओं की खालें निकल गई। तीन चार साल के बच्चों तक ने हजारों मिलों का सफर पैदल तय किया। तब इनके पास कोई उपाय ही न था। ट्रांसपोर्टर्स सारे ही ताले लगाकर बैठ गए। हवाई कंपनियों ने स्टाफ के वेतन आधे कर दिए , बल्कि उससे भी कम ।आज वे यात्रियों को जमकर लूट रहे हैं। उनके तय किए गए यात्रा भाड़ा पर कोई नियंत्रण ही नहीं। वे पैर पसारने की खाली जगह तक बेच रहे हैं । सीटों को अग्रिम बुक करने के पैसे ले रहे हैं । यात्रा टिकिटें दुगनी कीमत में बेच रहे हैं पर अपने स्टाफ का वेतन अब भी आधा ही किए हुए हैं । इस पर कोई नही बोल रहा । यहां किसी की निगाह नही जाती । ये निजी मसला है न , इनका पक्ष लेने में नेतागिरी नही चमकती दरअसल। गरीब को भीख दिलाना आसान भी है और लोकप्रिय भी।

काम छूटने पर अनेक घर बर्बाद हो गए। पढ़े लिखे नवजवानों ने आत्म हत्या कर ली। पत्नियों ने तलाक ले लिए , घर बर्बाद हो गए ,हम सुदृढ़ इकोनॉमी के गीत गाते रहे। ऐसे लाचार हुए परिवारों और बर्बाद युवक युवतियों के पुनर्वास के मुद्दे ज्वलंत हैं परंतु कोई तो स्कीम नही आई ना मांग उठाई किसी ने। क्या सरकार को इसकी खबर नही? है , जरूर है । पर ये थोड़े से लोगों का काम वह लोकप्रियता तो नही दिलाता ना। पढेलिखे समाज विज्ञान के विशेषज्ञ क्यों नही बोलते इस बारे में ? क्योंकि हम बहुत बड़े चुगद हैं। किराना दुकान वालों और सब्जी वालों के साथ साथ दूध वालों ने भी उस समय जमकर लूटा। किसी को भी नहीं छोड़ा।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

नहीं है किसी

नहीं है किसी तख़्त-ओ-ताज या तलवार का मोहताज हमारा ये वजूद चूँकि हम तो सबके लिए अपने दिल में मुहब्बत, दुआएं ओ लबों पे हर वक़्त नुमायां होते तबस्सुम के ज़रिए ही दिलों पर राज करने में यकीं रखते हैं।

- नीलोफर नीलू

लाख कोशिशें कर

लाख कोशिशें कर लें ज़माने वाले मर गये मुहब्बत को मिटाने वाले इनको फूल देना तुम या गालियाँ पर आग ही लगाएँगे लगाने वाले औरतों पै नज़रें डालता है लाला मर्द मर गये घर में कमाने वाले कह रहे हो हीरो पर्दे का जिन्हें तुम वो शरीर केवल हैं दिखाने वाले आजकल मिलेंगे खूब हर जगह ही लोग झूठ के आँसू बहाने वाले।

- मित्र ग़ाज़ियाबादी

ख़ास पाती | कुछ गिले बाकी रहने दो दर्द



कुछ गिले बाकी रहने दो दर्द में भी जीना अच्छा लगता है तुम्हारे साथ होने की मौजूदगी जिंदगी को एक नया किस्सा देता है वो सारे गिले-शिकवे जो थोड़े मेरे और थोड़े से तुम्हारे हैं यूँही वक्त में ढलता रहेगा और ये जिंदगी आहिस्ता-आहिस्ता सिमटती रहेगी और हाँ ! आंसुओ की स्याही से हर दर्द पे मुहर लगना भी तो जरूरी तभी तो प्रेम सिद्ध होगा भले ही क्यों न ! वो दर्द वाला हिस्सा मेरा हो और तुम बगैर इस हिस्से के जैसे राजा के साथ रणभूमि में लड़ते-लड़ते सैनिक घायल, शहीद हो जाते हैं परन्तु विजय पताका राजा के सर होता है ठीक वैसे ही। **- बबलि सिन्हा**

ख्वाहिशें हैं जो अधूरीं वो मुकम्मल

ख्वाहिशें हैं जो अधूरीं वो मुकम्मल कर दो तुम चले आओ मेरी सांसों को संदल कर दो दिल के जज़्बात लहर बन के मचल जाएं फिर, ठहरे पानी में कोई आज वो हलचल कर दो हुस्न कहता है निगाहों के चला कर खंजर इश्क़ हाज़िर हुआ है बज़्म में घायल कर दो रोज़ किश्तों में घुटन से तो कहीं अच्छा है ज़हन से होश भी लेलो मुझे पागल कर दो अंकुरित हों न उठे बीज कहीं नफ़रत के है मुहब्बत की ज़मी अब तो ये समतल कर दो ज़िंदगी एक सफ़र है तो प्रखर मंज़िल क्या छोटा सा प्रश्न है कोई तो इसे हल कर दो। **- राजेश श्रीवास्तव प्रखर**

जब पड़ती है जीव पर ,क्रूर

जब पड़ती है जीव पर ,क्रूर काल की मार। तब ताकतवर शेर भी,बनता सहज शिकार। नेता वह ही सर्वदा ,रहता है सरसब्ज़ सही तरह से देख ले,जो जनता की नब्ज़। कुर्सी तो है चंचला ,सदा न रहती पास। उससे अगर विछोह हो,होना नहीं उदास। **- डॉ बिपिन पाण्डेय**

इन खलाओ ने ही अब पत्थर

इन खलाओ ने ही अब पत्थर हमें तो कर दिया। क्या ख़ता हमसे हुयी अश्को से दामन भर दिया। लौट आती हैं सदाएं भी तो देकर देख ली, बेसबब ही हमने उनको दिल सा प्यारा घर दिया।

- सुरेश पसारी

एक शाम परमानंद की तेरे नाम

एक शाम परमानंद की तेरे नाम कर आये। शिव जी की वंदना का पावन काम कर आये। हैं चंदेलों की परिकल्पनाऐं पत्थरों में उकरीं। देवत्व का अनुभव ले मन निराला धाम कर आये।

- डॉ मीनू मिश्रा पाण्डेय

आज चलो एक वादा कर लें

आज चलो एक वादा कर लें वो भी अपने आप से ...। छल फरेब से दूर रहें और बचे रहें हम पाप से । कभी किसी का दिल न दुखे एक हमारे कारण से । सबको मिलकर दूर करें हम कटुता के अभिशाप से । कोई अगर जो रूठ गया हो उसको आज मना लें हम । प्यार भरे दो बोल बोलकर खुशियों की सौगात से ॥

- रश्मि चौधरी

सच लिखूँ तो कविता झूठी हो

सच लिखूँ तो कविता झूठी हो जाती हैं झूठ लिखूँ रिश्ता बेमानी हो जाता है कशमकश तो है फिर भी दिल ने यही चाहा है कि तुम हमेशा मेरी कविता में जीवित रहो।

- अनिता कपूर

QUIZ TIME

1) भारत में काला नमक चावल महोत्सव कहाँ मनाया जाता है?
2) 2022 में राधानगर समुद्री तट को ब्लू फ्लैग प्रमाण पत्र दिया गया। यह कहाँ स्थित है?
3) किस मंत्रालय ने नई दिल्ली में सरस फूड फेस्टिवल 2022 का आयोजन किया?
4) अनवर इब्राहिम ने किस देश के नए प्रधानमंत्री की शपथ ली है?
5) 15वाँ इंडियन प्रीमियर लीग में सर्वश्रेष्ठ इमर्जिंग प्लेयर का खिताब किसने जीता?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) सिद्धार्थनगर, उत्तरप्रदेश (2) अंडमान-निकोबार (3) ग्रामीण विकास मंत्रालय (4) मलेशिया (5) उमरान मलिक (सनराइजर्स)

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1749 : शिवाजी महाराज के पोते साहू जी का निधन। 1803 : भोंसले और ईस्ट इंडिया कंपनी के बीच हुई देवगांव संधि के तहत उड़ीसा और कटक कंपनी के शासन के अधीन हुए। 1950 : भारत रत्न से सम्मानित देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल का निधन। 1953 : भारत की एस विजयलक्ष्मी पंडित संयुक्त राष्ट्र महासभा के आठवें सत्र की अध्यक्ष चुनी गई। इस पद पर पहुंची वह पहली महिला थीं। 1965 : बांग्लादेश में गंगा नदी के तट पर आये चक्रवात में करीब 15,000 लोगों की जान गई। 1976 : भारत के प्रसिद्ध फुटबाल खिलाड़ी बाइचुंग भूटिया का सिक्किम में जन्म। 1982 : स्पेन ने जिब्राल्टर की सीमा को खोल दिया। स्पेन की नयी सोशलिस्ट सरकार ने मानवीय आधार पर आधी रात को यह दरवाजे खोलकर स्पेन और जिब्राल्टर के लोगों के बीच की दीवार को खत्म कर दिया। 1991 : मशहूर फिल्म निर्माता सत्यजीत रे को सिनेमा की दुनिया में उनके अहम योगदान के लिए 'स्पेशल ऑस्कर' सम्मान दिया गया। 1997 : जैनेट रोसेनबर्ग जैगन गुयाना की राष्ट्रपति चुनी गईं। वह देश की पहली निर्वाचित महिला राष्ट्रपति होने के साथ ही गुयाना की पहली श्वेत राष्ट्रपति थीं। 1997 : अरुंधति रॉय ने 'बुकर पुरस्कार' जीता। उन्हें उनके उपन्यास 'द गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स' के लिए इस प्रतिष्ठित साहित्यिक पुरस्कार के लिए चुना गया। 2001 : पीसा की झुकती मीनार को 10 वर्ष बाद फिर से खोला गया। दरअसल इस इमारत के ढांचे को ठीक और मजबूत करने के लिए इसे बंद कर दिया गया था।

न्यूज गैलरी

अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों को विभिन्न योजनाओं के तहत मिलेगा ऋण

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास के कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय निगम के सहयोग से संचालित विभिन्न योजनाओं में ऋण वितरण किया जाना है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जनजाति वर्ग हेतु स्व सहायता समूह (माइक्रो क्रेडिट योजना) सीएचजी 264 लक्ष्य 01 (ई.ला. लाख 5.00) एवं अ.ज.जा. वर्ग हेतु (ट्रेक्टर ट्राली योजना) सीएचजी 260 लक्ष्य 01 (ई.ला. लाख 10.63) के लिए लक्ष्य प्राप्त हुआ है। अनुसूचित जनजाति वर्ग के इच्छुक आवेदक 20 दिसम्बर शाम 05 बजे तक जिला कलेक्टोरेट स्थित अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के कक्ष क्रमांक 240 में संपर्क कर सकते हैं।

नाबालिग लड़की के साथ दैहिक शोषण करने वाला गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने एवं दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध पुलिस में धारा 363, 366, 376, 4, 6 पॉक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध था। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 5 नवंबर को प्रार्थियां ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 10 से 26 अक्टूबर तक उसकी नाबालिग पुत्री को आरोपी शिवशंकर राजपूत द्वारा बहला फुसलाकर शादी का प्रलोभन देकर जबरदस्ती अनाचार किया है। रिपोर्ट पर थाना पथरिया में धारा 363, 366, 376, 4, 6 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया एवं आरोपी का पता तलाश शुरू किया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान मुखबिरों की सूचना से आरोपी शिवशंकर राजपूत को जिला भाटापारा से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। प्रकरण की विवेचना एवं आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अमित कौशिक, सहायक उपनिरीक्षक राजाराम साहू, प्रधान आरक्षक यशवंत डाहिरे, आरक्षक रोहित पटेल, कवि प्रकाश टोप्पो, वीरेंद्र खूंटे, पंकज निर्णेजक एवं सूरज मंडावी की भूमिका रही।

सात वर्षों से फरार वारंटी गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। सात वर्षों से फरार स्थाई वारंटी एवं थाना फास्टरपुर द्वारा 6 वर्षों से फरार वारंटी को पकड़कर विधिसम्मत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया। वारंटी भोजराय चैकी चिल्फी थाना लोरमी के धारा 279, 337, 338 भादवि 3/181, 5/180 एमव्ही एक्ट का आरोपी था। वारंटी मनतोष गेंदले थाना फास्टरपुर के धारा 304 ए भादवि का आरोपी था। वर्ष 2015 में चैकी चिल्फी थाना लोरमी के धारा 279, 337, 338 भादवि 3/181, 5/180 एमव्ही एक्ट का आरोपी भोजराय पिछले 7 वर्षों से लगातार फरार था। जिसकी गिरफ्तारी हेतु न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी लोरमी द्वारा स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। स्थाई वारंटी भोजराय पिछले 7 वर्षों से फरार था। जिसे मुखबिरों की सूचना के आधार पर चिल्फी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा। इसी प्रकार वर्ष 2016 में थाना फास्टरपुर में धारा 304 ए भादवि, का आरोपी मनतोष गेंदले पिछले 6 वर्षों से फरार था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया था, जिसे मुखबिरों की सूचना के आधार पर जिला बिलासपुर में दबिश देकर न्यायालय प्रस्तुत किया गया।

च्वाईस सेंटर की आड़ में ई टिकटों की हेराफेरी, संचालक गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिरगिट्टी बन्नाक चौक में चाइस सेंटर की आड़ में ई- टिकटों की हेराफेरी की जा रही थी। सूचना के बाद आरपीएफ की टीम ने दबिश देकर संचालक को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही सेंटर से टिकट बनाने में उपयोग किए जाने वाले उपकरणों को भी जब्त कर लिया गया है। आरपीएफ का टिकट दलालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी भास्कर सोनी के मार्गदर्शन में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट बिलासपुर के सहायक उप निरिक्षक केपी तिवारी हमराह आरक्षक गजेन्द्र सिंह एवं महिला आरिक्षक नेहा के साथ बन्नाक चौक सिरगिट्टी में स्थित आकाश च्वाईस सेंटर में अवैध ई-टिकट के अभियान के दौरान औचक जांच की गई। जिसमें दुकान पर मौजूद संचालक गोपेश्वर यादव पिता अंतराम यादव (25) निवासी वार्ड नंबर11 बन्नाक चौक थाना सिरगिटटी के द्वारा एक पर्सनल यूजर आईडी से बनाया गया था। जांच के दौरान संचालक के द्वारा 17 अवैध ई-टिकट बनाने की पुष्टि हुई। जिनकी कीमत 16 हजार 214 रूपये है। जिसे मौके पर सभी दस्तावेज तैयार कर आरोपित को इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के साथ रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट लाया गया। आरोपित के विरूध रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट ने धारा 143 रेल अधिनियम पंजीबध किया गया। मालूम हो कि बिलासपुर रेल मंडल में अभी ई टिकट दलालों के खिलाफ 3 दिन का विशेष अभियान चल रहा है सिरगिट्टी में यह कार्रवाई इसी अभियान के तहत आरपीएफ के द्वारा की गई है।

ट्रेन की चपेट में आने से पिता-पुत्र की मौत

■ **मां के सामने बेटे की गई जान, पति ने अस्पताल ले जाते वक्त तोड़ा दम**

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में ट्रेन की चपेट में आकर पिता-पुत्र की मौत हो गई। दोनों रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे। तभी धड़धड़ाते हुए ट्रेन आ गई और दोनों उसकी चपेट में आ गए। इस हादसे में युवक ट्रेन से टकराकर 10 फीट दूर जा गिरा और मौके पर उसकी मौत हो गई। वहीं, गंभीर रूप से घायल उसके पिता ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। घटना कोटा थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के अनुसार कोटसागरपारा निवासी श्याम कारे (50) रोजी मजदूरी करता था। उसकी पत्नी तुलसा कारे (46) और बेटा उमेश कारे (29) भी उसके साथ काम करते थे। सोमवार की रात तीनों रिश्तेदारी में कोटा आए थे। रात में श्याम और उसके बेटे उमेश ने शराब पी रखी थी। तीनों खाना खाने के बाद रात में ही पैदल गांव जाने के लिए निकल गए। तुलसा कारे उनके आगे-आगे चल रही थी, जबकि, श्याम और उसका बेटा पीछे था।

ट्रैक पार करते समय हुआ हादसा

बताया जा रहा है कि रात करीब 12 बजे तीनों रेलवे फाटक के पास पहुंचे थे। तुलसा रेलवे ट्रैक पार कर आगे चली गई। इस दौरान श्याम और उमेश ट्रैक पर ही थे। तभी ट्रेन आ गई और दोनों को टक्कर मारते हुए आगे बढ़ गई। ट्रेन की ठोकर से उमेश 10 फीट दूर जा गिरा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं, उसके पिता श्याम के सिर में गंभीर चोटें आई और वह बेहोश होकर ट्रैक के किनारे गिर गया।

मां के सामने बेटा और पति की हुई मौत

इस हादसे के बाद आगे चल रही तुलसा दौड़ते हुए उनके पास आई। महिला अपने पति और बेटे को देखकर बदहवाश होकर चिल्लाने लगी। इस घटना के बाद आसपास के लोगों ने पुलिस को डायल 112 पर सूचना दी। इस दौरान घायल श्याम के साथ ही उमेश के शव को कोटा अस्पताल ले जाया गया।

प्राथमिक उपचार के बाद श्याम को बिलासपुर रेफर किया गया। लेकिन, रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को दोनों शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजन को सौंप दिया। वहीं, मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

अवैध रूप से भण्डारित 28 टन यूरिया बरामद

■ **स्रोत प्रमाण पत्र के बिना खाद बेचने पर कार्रवाई**

बिलासपुर/नवप्रदेश। कृषि विभाग द्वारा तखतपुर विकासखण्ड के गनियारी में संचालित दो खाद दुकानों में भण्डारित 27.72 मीटरिक टन यूरिया खाद को जब्त कर इसके विक्रय पर रोक लगा दी गई है। स्रोत प्रमाण पत्र नहीं होने के बावजूद दुकानदारों द्वारा इस खाद की बिक्री की जा रही थी। उप संचालक कृषि के निर्देश पर गनियारी में संचालित मेसर्स दानी कृषि परामर्श केन्द्र एवं मेसर्स लवकेश खाद भण्डार का उर्वरक निरीक्षकों द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि बीव्हीएफसीएल कम्पनी की यूरिया बगैर स्त्रोत प्रमाण पत्र के बेची जा रही थी। मेसर्स दानी कृषि परामर्श केन्द्र में 10.35 मीटरिक टन एवं लवकेश खाद भण्डार में 17.37 मीटरिक टन

यूरिया का अवैध स्टॉक दुकानों में पाया गया। गौरतलब है कि उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के अनुसार किसी भी खाद विक्रेता स्त्रोत प्रमाण पत्र के बगैर खाद बेचने की अनुमति नहीं है। फुटकर खाद विक्रेता को थोक विक्रेता से स्रोत प्रमाण पत्र प्राप्त कर और इसे प्राधिकृत अधिकारी के अनुमोदन उपरांत ही वह खाद बेच सकेगा।

एटीआर के अंदर बने केज में रहेंगे कानन के चीतल

बिलासपुर/नवप्रदेश। कानन पेंडारी जू से चीतलों की शिफ्टिंग होने लगी है। जिन चीतलों को वाहन में लेकर टाइगर रिजर्व में छोड़ा जा रहा है, वह 10 दिन बाद ही जंगल में उछल-कूद कर सकते हैं। अभी उन्हें एक बड़े केज में रहना होगा। प्रबंधन के द्वारा यहां पानी से लेकर आहार की व्यवस्था की है। शिफ्टिंग का यह नियम ही है। सीधे जंगल में छोड़ते हैं तो चीतलों को नुकसान हो सकता है। चीतलों की शिफ्टिंग के बाद उन्हें छपरवा रेंज के बने बड़े केज में छोड़ा जाता है। इस केज को जाली व बांस का घेराकर सुरक्षित रखा गया है। पूर्व में जब कानन से चीतल छोड़े गए थे, उस समय इसकी स्थिति जर्जर थी। प्रबंधन ने आनन-फानन में मरम्मत कराई था। मरम्मत पूरा होने के बाद ही चीतलों को छोड़ने की अनुमति दी गई। पहले दो दर्जन से अधिक चीतलों को छोड़ा गया था। इनमें सभी उम्र के थे। इससे उनमें विवाद नहीं होता। इसके अलावा भी सुरक्षा के कई उपायों का ख्याल रखा गया है। हालांकि शिफ्टिंग में काफी देर हो गई है।

आत्मानंद स्कूलों में ग्रंथपाल एवं व्यायाम शिक्षकों की चयन सूची जारी

■ **लोकपाल व कम्प्यूटर शिक्षकों की भरती के लिए सत्यापन 19 को**

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर जिले की 3 स्वामी आत्मानंद स्कूलों में व्यायाम शिक्षक एवं ग्रंथपाल भर्ती के लिए चयन सूची जारी कर दिया गया है। चयनित उम्मीदवार डीईओं कार्यालय में अपना नियुक्ति पत्र प्राप्त कर सकतें हैं। मालूम हो कि इस पदों पर भरती के लिए 19 जुलाई 2022 को विज्ञापन जारी किया गया था। इसी प्रकार कम्प्यूटर शिक्षक तथा लेखपाल सहायक ग्रेड 02 में 80 प्रतिशत भारांश के साथ कम्प्यूटर शिक्षक हेतु 30 तथा लेखपाल 30 अभ्यार्थियों की वरिष्ठ सूची जारी की गई है। इस सूची के अनुसार अभ्यार्थियों के दस्तावेजों एवं प्रमाण पत्रों का सत्यापन 19 दिसम्बर 2022 को लेखपाल व सहायक ग्रेड 02 समय सवेरे 10:30 बजे से 1 बजे तक एवं कम्प्यूटर शिक्षक का समय दोपहर 1 बजे से कक्ष क्रमांक 06 पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग कलेक्टोरेट बिलासपुर के सामने सूची में दर्शाये गए समय सारणी के अनुसार किया जायेगा। संबंधित उम्मीदवार आपने प्रमाण पत्रों के मूल प्रति एवं छायाप्रति के साथ अनिवार्यतः उपस्थित रहें। आवेदकों की सूची बिलासपुर जिले के एनआईसी पोर्टल bilaspur.gov.in मे जारी करने के साथ-साथ आवेदकों को वाइस मेसेज द्वारा भी सूचित किया गया है। निर्धारित तिथि एवं समय में आवेदक की अनुपस्थिति की स्थिति में मेरिट के अनुसार अगले क्रम के अभ्यार्थियों को बुलाया जायेगा।

जिले में जुआ व अवैध शराब विक्रय के खिलाफ जनप्रतिनिधियों ने सौंपा ज्ञापन

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जुआ, सट्टा, अवैध शराब विक्रय जैसे अवैध धंधों की बाढ़ सी आ गई है। बच्चे और युवा वर्ग बुरी लतों का शिकार बन अपने भविष्य को अंधकारमय बनाते जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ शासन के अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण की सदस्य एवं महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव रत्नावली कौशल ने इन अवैध कारोबारों पर अंकुश लगाने की मांग करते हुए पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

जिला सहित ग्रामीण क्षेत्र सेतगंगा परिक्षेत्र में इन दिनो जुआ और सट्टे का धंधा जोरो पर चल रहा है। बिना मेहनत किये लाखो रूपया कमाने के चक्कर में हर रोज युवा इस दलदल में धसते जा रहे है। खैरा सेतगंगा, बीजातराई, पौनी, लगरा, कोसमतरा, भूमियापारा सहित आसपास के गांव में अपने जड़े जमा चुका सट्टा, अवैध शराब का धंधा अब पुरे थाना फास्टरपुर परिक्षेत्र के लगभग 25-30 गांव में अपनी चपेट मे लेता जा रहा है। सट्टे खेलने वाले एवं शराब का सेवन करने वालो में ज्यादातर उन युवाओं की संख्या ज्यादा है जो बिना मेहनत के पैसा कमाना चाहते है और अपनी खून पसीने की गाढ़ी कमाई जुएं, सट्टे और शराब में बर्बाद कर रहे है। कार्यवाही नहीं होने से सट्टा और शराब के अवैध धंधे बैखोफ संचालित किये जा रहे है। जिले सहित थाना फास्टरपुर, थाना लालपुर, थाना लोरमी, थाना जरहागांव परिक्षेत्र में साफ तौर पर देखी जा सकती है। जिले के अनेक थाना प्रभारियो का अन्यत्र स्थानांतरण पश्चात लोगो में कयास लगाया जा रहा था कि थाना एवं चैकी परिक्षेत्रों में नये थाना प्रभारियों की नियुक्ति पश्चात थाना परिक्षेत्र में अवैध कारोबार पर अंकुश लगेगी लेकिन ऐसा हुआ नही बल्कि फास्टरपुर सेतगंगा, जरहागांव, लालपुर, लोरमी सहित अन्य थाना परिक्षेत्र में अवैध कारोबारियों का हौसला बुलंद है।

कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं

■ **अनुपस्थित विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता को शोकाज नोटिस जारी**

■ **दिव्यांग की पेंशन संबंधी समस्या का तत्काल हुआ निराकरण**

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रत्येक मंगलवार को जिला कलेक्टोरेट में आयोजित होने वाले जनदर्शन में आज कलेक्टर ने जिले के आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनी। इस दौरान पथरिया विकासखण्ड के ग्राम खैरझिटी के दिव्यांग रवि कुमार साहू ने आवेदन प्रस्तुत किया। उनके आवेदन सौंपते ही संबंधित विभाग द्वारा दिव्यांग रवि की पेंशन संबंधी समस्या का तत्काल निराकरण किया

गया। रवि साहू ने जिला प्रशासन को त्वरित पहल के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कलेक्टर ने कहा कि कोई पात्र हितग्राही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों से वंचित नहीं होगा। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिले के आमजनों को पात्रतानुसार शासन की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों से लाभांवित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जनदर्शन में विभागीय अधिकारियों की अनुपस्थिति पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जनदर्शन में जिले के आमजन अपनी समस्या लेकर आते हैं, लेकिन विभागीय अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण उनकी समस्याओं का समय पर समाधान नहीं हो पाता। उन्होंने जनदर्शन में अनुपस्थित विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता को तत्काल शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं सभी अधिकारियों को जनदर्शन में समय पर उपस्थित होने के लिए कहा। जनदर्शन में कुल 85 आवेदकों ने आवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें ग्राम पथर्रा के भानूप्रताप ने बताया कि उनकी फौती संबंधी समस्या के कारण समर्थन मूल्य पर धान विक्रय में परेशानी हो रहा है। इसी प्रकार ग्राम पंडरभट्ठा के द्वारिका प्रसाद ने रिकार्ड दुरूस्ती एवं आनलाईन कराने, ग्राम सुरदा के रामकुमार पटेल ने मुआवजा राशि दिलाने, ग्राम संगवाकापा में ग्रामीणों ने राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का पात्रतानुसार लाभ दिलाने, ग्राम कंसरा की चितरेखा बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों पर जांच उपरांत नियमानुसार कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर नम्रता आनंद डोंगरे, नवीन भगत, मेनका प्रधान, मुंगेली एसडीएम सुश्री आकांक्षा शिक्षा खलखो सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

जहां ऊर्जा की जरूरत, वहीं करना चाहिए उपयोग : महाप्रबंधक

बिलासपुर/नवप्रदेश। ऊर्जा की बचत ही इसकी बढ़त है। इसलिए संरक्षण बहुत जरूरी है। रेलवे एक विशाल संगठन होने के कारण यहां ऊर्जा का इस्तेमाल बड़े स्तर पर किया जाता है। इसलिए यह आवश्यक है कि ऊर्जा कि खपत संतुलित रूप से की जाए। जहां आवश्यक है, वहां ऊर्जा कि बचत भी की जाए। वर्तमान परिदृश्य में ऊर्जा उत्पादन की प्रक्रिया में पर्यावरण को भी काफी नुकसान हो रहा है एवं आज पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग के खतरे को दूर करने के नए-नए उपाय ढूंढ रहा है।

ये बातें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक आलोक कुमार ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में आयोजित सेमिनार व प्रदर्शनी कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि ऊर्जा की बर्बादी को रोकना चाहिए। सेमिनार में गैर परंपरागत स्त्रोतों द्वारा ऊर्जा संरक्षण के उपकरणों एवं उपायों की जानकारी दी गई।

परिवहन सुविधा केन्द्र पर तत्काल बनेगा लर्निंग लायसेंस

■ **जिले में 10 परिवहन सुविधा केंद्र स्थापित**

■ **परिवहन सुविधा केन्द्र में अब तक बना 200 लोगों का लाईसेंस**

मुंगेली/नवप्रदेश। लर्निंग लाईसेंस बनवाने के लिए जिले के नागरिकों को अब जिला परिवहन कार्यालय नहीं जाना पड़ेगा। जिले में 10 परिवहन सुविधा केन्द्र को अधिकृत किया गया है। जहां लोग आसानी से लर्निंग लायसेंस बनवा सकते हैं। जिले में परिवहन सुविधा केन्द्र प्रारंभ होने से अब तक 200 लोगों ने ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया उपरांत तत्काल लर्निंग लायसेंस प्राप्त किया है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि लर्निंग लाईसेंस बनाने हेतु विरेन्द्र भारती परिवहन सुविधा केन्द्र रामगोपाल तिवारी वार्ड मुंगेली, प्रेम कुमार मिश्र परिवहन सुविधा केन्द्र पुराना बस स्टैंड लोरमी, गॉड लर्निंग परिवहन सुविधा केन्द्र खड़खड़िया नाला के पास रायपुर रोड मुंगेली, आदर्श परिवहन सुविधा केन्द्र स्टेट बैक के पास ग्राम करही मुंगेली, श्रीहरि परिवहन सुविधा केन्द्र पण्डरिया रोड मुंगेली, बालगोंविद वैष्णव परिवहन सुविधा केन्द्र रानीगांव लोरमी, श्री कम्प्युटर परिवहन सुविधा केन्द्र एस.एन.जी. कॉलेज के पास रायपुर रोड मुंगेली, निखिल सोनी परिवहन सुविधा केन्द्र दाउपारा मुंगेली, मनीषा चंद्राकर परिवहन सुविधा केन्द्र तहसील चैक लोरमी और गौरांश कम्प्युटर परिवहन सुविधा केन्द्र ग्राम धरमपुरा मुंगेली को अधिकृत किया गया है।

जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच और पंच के रिक्त पदों पर होगा उपचुनाव

■ **संबंधित ग्रामों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील**

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने त्रिस्तरीय उपनिर्वाचन 2022-23 हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन, नामनिर्देशन पत्र प्राप्त करना, स्थानों के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन, मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन के लिए 16 दिसंबर की तिथि निर्धारित है। इसी प्रकार नाम निर्देशन प्राप्त करने की अतिम तिथि 23 दिसंबर और नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा करने की तिथि 24 दिसंबर, अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करने, निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन और अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन के लिए 26 दिसंबर की तिथि निर्धारित है। वहीं मतदान की तिथि 09 जनवरी 2023 प्रातः 07 बजे से दोपहर 03 बजे तक, मतगणना मतदान समाप्ति के बाद और सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा 12 जनवरी 2023 को पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य के मामले में प्रातः 09 बजे खण्ड मुख्यालय, जिला पंचायत सदस्य के मामले में जिला मुख्यालय में किया जाएगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने उक्त कार्यक्रम के अनुसार आदेश जारी कर जिले के लोरमी विकासखण्ड के जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 18 बरमपुर (बरमपुर, गाड़ाटोला, जोतपुर, मुछेल, उजियारपुर, कलमीडीह एवं चकला) झिरिया, सिंघनपुरी, बिजराकापा कला, मोहतरा तेली, परदेशीकापा, करूहानार, चेचानडीह, मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम निरजाम, धरमपुरा, जमकोर, खैरवार (बै.), विचारपुर और पथरिया विकासखण्ड के ग्राम बदरा (ब.), मोहभट्ठा, सकेरी, हिंछापुरी और सोनपुरी में जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच और पंच के रिक्त पदों पर उपचुनाव हेतु आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार संबंधित ग्रामीण क्षेत्रों की सीमा क्षेत्र के अंदर किसी भी प्रकार के घातक अस्त्र-शस्त्र तथा विस्फोटक सामग्री लेकर किसी भी सार्वजनिक स्थान पर आने - जाने, सभा करने, जुलूस निकालने, आपत्तिजनक पोस्टर वितरित करने पर प्रतिबंध लगाया गया है। यह आदेश मतदान के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियुक्त पुलिस अधिकारी-कर्मचारी और शारीरिक दुर्बलता, वृद्धावस्था तथा लंगड़ापन वाले व्यक्तियों पर लागू नहीं होगा। इस आदेश के उल्लंघन करने वाले व्यक्ति या दल भारतीय दण्ड संहिता 118 के तहत दण्डनीय होगा। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 के धारा 03 में निहित प्रावधानों के अनुसार कोई भी व्यक्ति, जो सम्पत्ति के स्वामी लिखित अनुज्ञा के बिना सार्वजनिक दृष्टि में आने वाली किसी सम्पत्ति को स्याही, खड़िया रंग या किसी अन्य पदार्थ से लिखकर या चिन्हित कर उसे विरूपित करना दण्डनीय होगा।

उपनिर्वाचन 2022-23 के कृत्यों के निर्वहन हेतु रिटर्निंग, सहायक रिटर्निंग एवं अपीलीय अधिकारी नियुक्त-कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जारी आदेश के अनुसार उपनिर्वाचन 2022-23 के कृत्यों के निर्वहन हेतु जनपद पंचायत अंतर्गत तहसीलदार को रिटर्निंग अधिकारी, जनपद पंचायत मुंगेली के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मुंगेली को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया है।

कोटपा एक्ट के तहत 30 दुकानों पर हुई कार्रवाई

■ **चालानी कार्यवाही के तहत 3100 रूपए की हुई वसूली**

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देश पर कोटपा एक्ट के तहत सार्वजनिक स्थानों में धुम्रपान करने तथा शैक्षणिक संस्थानों के आस-पास सिगरेट या अन्य तम्बाकू उत्पादों की बिक्री करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे के मार्गदर्शन में जिला नोडल अधिकारी (एनटीसीपी) डॉ. कमलेश कुमार द्वारा पुलिस के सहयोग से सेंट्रल बैंक के पास, मंडी परिसर, दाऊपारा के पास तम्बाकू उत्पादों की बिक्री करने वालों 30

दुकानों के विरूद्ध कार्यवाही की गई, जिसमें 11 दुकानदारों को चेतावनी देकर और शेष 19 दुकानों के विरूद्ध चालानी की कार्यवाही कर 3100 रूपए की वसूली की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पैकरा ने बताया कि कोटपा एक्ट के धारा 4 के तहत सार्वजनिक स्थानों पर धुम्रपान पर प्रतिबंध, धारा 5 के तहत सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पादों के विज्ञापन पर प्रतिबंध, धारा 6 के तहत नाबालिकों एवं शैक्षणिक संस्थानों के आस-पास सिगरेट या अन्य तम्बाकू उत्पादों पर प्रतिबंध, धारा 7, 8 एवं 10 के तहत बिना विशिष्ट स्वास्थ्य चेतावनियों के सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध है।

फिर शुरू होगा सुराजी अभियान

सभी पात्र व्यक्तियों का बनेगा जाति प्रमाण-पत्र, मिलेंगे राशन कार्ड

कांकेर/नवप्रदेश। जिले में 15 दिसम्बर से पुनः सुराजी अभियान प्रारंभ किया जायेगा। इस अभियान के तहत् जिले के सभी पात्र व्यक्तियों जिनमें विद्यार्थी एवं अन्य युवक-युवती भी शामिल हैं, उनका जाति प्रमाण-पत्र बनाया जायेगा। छूटे हुए सभी पात्र लोगों के राशन कार्ड बनाये जायेंगे। पात्रतानुसार दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनाया जायेगा और फौती-नामांतरण के कार्य भी किये जायेंगे। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार इस अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए घर-घर सर्वे किया जायेगा तथा सर्वे पश्चात् पात्र व्यक्तियों को फार्म भरवाये जायेंगे और उन्हें लाभान्वित किया जायेगा। जिला प्रशासन द्वारा इस अभियान को आगामी माह फरवरी तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने ई-जनचौपाल का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए सभी एसडीएम एवं जनपद सीईओ को निर्देषित किया है। उन्होंने कहा कि दूर-दराज के लोगों को छोटी-छोटी समस्याओं के निराकरण के लिए जिला कार्यालय तक आना पड़ता है, इससे उनका समय व धन दोनों का अपव्यय होता है। ई-जनचौपाल के माध्यम से ग्रामीणजन अपने विकासखण्ड के जनपद कार्यालय में उपस्थित होकर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये सीधे कलेक्टर से बात कर अपनी समस्या को बता सकते हैं। उन्होंने ई-जनचौपाल का ग्राम पंचायत में दीवार लेखन कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये। गोधन न्याय योजनांतर्गत गौठानों में गोबर की खरीदी और वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण तथा उसके विक्रय की समीक्षा भी उनके द्वारा किया गया तथा सभी गौठानों में निर्धारित मात्रा गोबर की खरीदी सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। वर्मी कम्पोस्ट के विक्रय पर भी जोर दी गई।

नरवा विकास के कार्यों में गति लाने के निर्देश

कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने नरवा विकास के कार्यों में गति लाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये हैं। उन्होंने आज समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अप्रारंभ कार्यों को तत्काल प्रारंभ किया जाये तथा सभी कार्यों को समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जावे। क्लस्टर-01 के सभी कार्यों को जनवरी माह तक एवं क्लस्टर-02 के कार्यों को मार्च महीने तक और क्लस्टर-03 के कार्यों को मई महीने तक पूरा करने के निर्देशित किया।

कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा जिले में ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं जिला स्तर पर रामायण मंडली प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। मौसम को दृष्टिगत रखते हुए खरीदे गये धान की सुरक्षा के लिए केप कव्हर की व्यवस्था रखने के निर्देश भी उनके द्वारा दिये गये तथा सभी नोडल अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्रों का लगातार दौरा करने के लिए निर्देशित किया गया। जिले के सभी विद्यार्थियों जेईई का फॉर्म भरवाने के निर्देश भी उनके द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को दिये गये। उचित मूल्य दुकानों से उपभोक्ताओं को समय पर राशन उपलब्ध कराने के निर्देश भी उन्होंने खाद्य अधिकारी को दिये। सभी एसडीएम को ग्राम पंचायत सचिवों, सरपंचों एवं सेल्समेन की बैठक लेकर विकास कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करने के लिए निर्देशित किया गया।

गांव के सभी लोगों की स्वास्थ्य जांच करें-कलेक्टर

मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने कहा कि चिकित्सा टीम के सभी सदस्य निर्धारित बाजार दिवस को समय पर पहुंचे और गांव के लोगों का स्वास्थ्य जांच भी किया जाये। 30 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों का गैर संचारी रोग की जांच करने के निर्देश भी उनके द्वारा दिये गये। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत शहरी क्षेत्रों में भी गैर संचारी रोगों के स्क्रीनिंग करने के लिए निर्देशित किया गया। इसी प्रकार गर्भवती माताओं और स्कूली बच्चों का हिमोग्लोबिन जांच करने के निर्देश भी उनके द्वारा दिये गये। सभी एसडीएम को मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना के तहत् हाट-बाजारों में उपचार का निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया गया।

सांसद मंडावी के रात्रिभोज में शामिल हुए भाजपा के कई दिग्गज नेता

■ पारिवारिक व संगाठत्मक विषयो पर हुई चर्चा

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर सांसद मोहन मंडावी के दिल्ली निवास 187 नार्थ एवेन्यू में संगठन तथा पार्टी के दिग्गज नेतागण रात्रि भोजन में शामिल हुए। सांसद मोहन मंडावी के दिल्ली निवास में भोजन के स्मरणीय पल में सभी दिग्गज नेताओं ने पारिवारिक तथा संगठनात्मक चर्चा पर बात हुई।

सांसद मोहन मंडावी को आमंत्रित सभी नेताओं ने दिया धन्यवाद ज्ञापित किया गया है।सांसद मोहन मंडावी ने भी आमंत्रित सभी नेताओं के प्रति आभार प्रकट किया।

आमंत्रित रहे प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, सह प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह, राज्यसभा सदस्य सरोज पांडे, सांसद दुर्ग विजय बघेल,सांसद राजनांदगांव संतोष पांडे, सांसद जांजगीर चांपा गुहाराम अजगले सांसद रायपुर सुनील सोनी,सांसद महासमुंद चुन्नीलाल साहू सांसद रायगढ़ गोमती साय शामिल हुए है।

राजेश सोनी बने बेस्ट सरगुजा चेस प्लेयर

रामानुजगंज/नवप्रदेश। नगर के प्रतिभाशाली शतरंज खिलाड़ी राजेश सोनी ने महासमुन्द में 11 दिसम्बर को सम्पन्न हुए स्टेट सीनियर रेटिंग्स शतरंज प्रतियोगिता में बहुत ही शानदार खेल का प्रदर्शन किया है। उन्होंने इस प्रतियोगिता में 5अंक हासिल किये जिसके आधार पर इन्हें बेस्ट सरगुजा प्लेयर के रुप में 1500/रु की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। जिला शतरंज संघ बलरामपुर रामानुजगंज के अध्यक्ष हरीष मिश्रा, सचिव सरोज वैष्णव, रामानुजगंज ब्लाक चेस कमीटी के अध्यक्ष विकाश दूबे, धनंजय पाण्डे, मनोज तिवारी, यशपाल दूबे,पीयुष गुप्ता और जिला संघ के प्रतिनिधि विकास केशरी ने बधाई दी है।

एनएसयूआई की नवीन कार्यकारिणी गठित

कांकेर/नवप्रदेश। एनएसयूआई के कांकेर जिला अध्यक्ष सुमित राय संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रदेश एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष माननीय नीरज पांडे के अनुमोदन व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कांकेर जिला प्रभारी सोनू साहू के अनुशंसा से पदाधिकारियों का गठन किया है। कार्यकारिणी राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और छात्रों की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य करेगी। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सुमित राय ने जिला एवं ब्लाक कार्यकारिणी गठन होने के बाद संसदीय सचिव एवं कांकेर के लोकप्रिय विधायक शिशुपाल शोरी से नवनियुक्त पदाधिकारियों को मिलवाया जिसे विधायक ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया। पदाधिकारी में ब्लॉक अध्यक्ष कांकेर टोमेश्वर दर्रा, ब्लॉक अध्यक्ष नरहरपुर महबूब खान, ब्लॉक अध्यक्ष भानूप्रतापपुर रविंद्र कडियाम, ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गुकोंदल गन्नू राम सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष कैलाश राणा, अमन गायकवाड, अभीक भट्टाचार्य, फैजल खान, अनिल मरकाम, वंदना साहू, जिला महासचिव हर्ष राज ठाकुर, नारन्तक भास्कर, नितिन गुप्ता विक्रम मलिक, राज भूषण मरकाम, पंकज यदु, अमित साहू, अनमोल शुक्ला, जिला सचिव अनिल उइके, अंकिता सरकार, विशाल कुमार, दिव्या मंडावी, रमेन सरकार, हर्ष सिन्हा, लव कुलदीप, मयंक साहू, संध्या सलाम, राहुल ठाकुर, दुष्यंत नाग को मनोनित किया गया।

जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति का गठन

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग रायपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा जिला स्तर पर आधार निगरानी सिस्टम स्थापित करने के लिए जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति का गठन किया गया है। इस निगरानी समिति के अध्यक्ष कलेक्टर होंगे तथा पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लीड बैंक मैनेजर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक, जिला श्रम अधिकारी, ई-जिला प्रबंधक जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी, भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के प्रतिनिधि, जिला प्रबन्धक इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक और जिला समन्वयक सीएससी को इस निगरानी समिति का सदस्य बनाया गया है। नोडल अधिकारी जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी को जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति के संयोजक होंगे।

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतिम किस्त की राशि 02 करोड़ 28 लाख रूपये जारी

कांकेर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण अंतर्गत) पूर्ण हो चुके आवासों में अंतिम किस्त की राषि डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर के माध्यम से सीधे हितग्राहियों के बैंक खाता में जारी की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास पूर्ण होने के बाद कांकेर जिले के 1730 हितग्राहियों को अंतिम किस्त की राषि 02 करोड़ 28 लाख रूपये की राषि जारी किया गया है। जिन हितग्राहियों को तृतीय किस्त की राषि जारी की जा चुकी है, उनके द्वारा आवास पूर्ण होने के पश्चात उन्हें भी अंतिम किस्त की राषि जारी की जायेगी।

वीर नारायण सिंह की शहादत दिवस मनाई गई

भोपाल पटनम/नवप्रदेश। सर्व आदिवासी समाज ने मनाया शहीद वीर नारायण का 156 वीं शहादत दिवस वीर नार गोरला मे, आयोजित की गई।

बीजापुर जिले के विकास खण्ड भोपाल पटनम मे शनिवार को छत्तीसगढ़ के प्रथम अमर शहीद वीर नारायण सिंह के मूर्ति पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर शहादत दिवस याद किया ,।

भोपाल पटनम ब्लॉक के वीर नार गोरला में आयोजित इस कार्यकम में बीजापुर जिला समाज के समस्त प्रमुखों ओर भोपाल पटनम ब्लॉक सहित दूर दराज से भीं समाज के लोग व आदिवासी समाज के प्रतिनिधि समलित हुऐ ,। आदिवासी समाज ने समाज प्रमुखों आगंतुकों अतिथियों एवं पत्रकारों बन्धुओं का समाज का प्रतीक पीला चांवल ,पीला गमछा से स्वागत किया, गया । छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद वीर नारायण सिंह जी की शहादत कार्यक्रम अतिसंवेदन शील आदिवासी बहुल बीजापुर जिले के भोपाल पटनम वि.ख. अंतर्गत वीर नार गोरला चौक में हर्षोल्लास से मनाई गई और बाजे गाजे के साथ स्वागत किया गया।

जिसमें मुख्य प्रवक्ता, जिलाध्यक्ष . अशोक कुमार तलांडी के नेतृत्व में जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया था कार्यक्रम के मुख्य अतिथि . ककेम नारायण कार्यक्रम के अध्यक्षता अध्यक्ष .अल्वा मदनैया गोंडवाना समाज समन्वय समिति भोपाल पटनम अतिविशिष्ट अतिथि पालदेव आनंद राव विशिष्ट अतिथि कामेश्वर गौतम समाज प्रमुख ,काका महेंद्र अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज भोपाल पटनम, सडमेक शंकर , नारायण सडमेक , जनपद पंचायत एवं सरपंच प्रतिनिधि, लाल ,विनय उइके, धनेश कुंजाम, देव समिति अध्यक्ष दुब्बा बकैया, वासम रामैया ,यालम शंकर,शेखर वासम,टोंकूल एलैया, बुधराम कोरसा युवा प्रतिनिधि सर्व आदिवासी समाज बीजापुर, एलैया कोरम मांझी, सवलम संटी परगना मांझी तारलागुडा , नारायण ककेम इलमिडी , चापा महादेव,आलम कामेश्वर राव आयोजन समिति पदाधिकारी टिंगे चिन्ना बाई , शशिकला ध्रुव , कुलस्ते , गोंडवाना समाज समन्वय समिति प्रवक्ता एवं मंच संचालक शालिक नागवंशी सहित जिले भर से आए थे।

महिला फुटबॉल टूर्नामेंट : सेमीफाइनल में झारखंड की भंडरिया की टीम विजेता रही

रामानुजगंज/नवप्रदेश। ओमकार सेवा समिति के तत्वधान में जिला पंचायत के सभापति राजेश यादव के नेतृत्व में क्षेत्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट में महिला फुटबॉल टूर्नामेंट भी आयोजित हो रहा है महिला फुटबॉल टूर्नामेंट का सेमीफाइनल शानदार मैच छत्तीसगढ़ के शंकरगढ़ एवं झारखंड के भंडरिया महिला टीम के बीच खेला गया। जिसमें झारखंड की भंडरिया की टीम 2-0 से विजेता रही वहीं पूर्व में झारखंड की कोरवादोहरी टीम फाइनल में पहुंच चुकी है। छत्तीसगढ़ एवं झारखंड की महिला टीम के बीच आज रोमांचकारी मैच को देखने के लिए बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

2 दिन पूर्व फुटबॉल टूर्नामेंट में अतिथि के रुप में उपस्थित अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मधुसुधन चंद्राकर ने आयोजन की जमकर सराहना करते हुए आयोजन के लिए जिला पंचायत के सभापति राजेश यादव को बधाई दिया उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से लोगों में परस्पर भाईचारा के भावना का विकास होता है। खेल से शरीर तो स्वस्थ होता ही है साथ ही साथ स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का भी विकास होता है। ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। बलरामपुर महाविद्यालय के प्राचार्य एन के देवांगन ने भी आयोजन की सराहना की। आज के मैच में अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरविंद, दुबे पत्रकार बैजनाथ केसरी पार्षद राजेश सोनी, मुकेश जयसवाल डीएवी प्राचार्य सहित अन्य अतिथियों ने भी आयोजन की सराहना की। जिला पंचायत के सभापति ने कहा कि खिलाड़ियों के द्वारा अपना बेहतर से बेहतर प्रदर्शन किया जा रहा है महिला खिलाड़ियों के द्वारा भी उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया गया। टूर्नामेंट सफलतापूर्वक खेल प्रेमियों के सहयोग से आगे बढ़ रहा है। प्रतिदिन मैच का शानदार कमेंट्री आकाश गुप्ता एवं अजय यादव के द्वारा किए जा रहा हैं वही रेफरी अश्वनी रजक, दया यादव एलेक्स जेंडर द्वारा प्रतिदिन मैच संपन्न कराया जा रहा है।

गौठानों में पैरादान के लिए अभियान

■ स्व-सहायता की महिलाएं पैरादान-अभियान से जुड़कर किसानों को कर रही है प्रोत्साहित

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत 86 गौठान संचालित हैं, जिनमें से 79 गौठानों में गोबर खरीदी की जा रही है। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी रवि साहू ने बताया कि गौठानों में वर्ष भर के लिए पशुओं के लिए चारा की व्यवस्था एक बड़ी समस्या रहती है। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने क्षेत्र के किसानों एवं महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं जो कृषि कार्य से जुड़ी हुई हैं उनसे अपील की है कि पशुओं के लिए चारा व्यवस्था करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। अक्सर देखने में आता है कि फसल कटाई के बाद किसान पैरे को खेतों में छोड़ देते हैं या फिर आग लगाकर जला देते है। अगर इन पैरा को एकत्रित कर गौठानों में दान कर दिया जाए तो वर्षभर के लिए पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था की जा सकती है। अभियान चलाकर हम पैरादान के लिए किसानों को प्रोत्साहित करते हैं तो एक पुण्य कार्य होगा। इसका असर अब दिखने लगा है जिले की ग्राम पंचायत मुरदण्डा, दुगोली, नुकनपाल और नैमेड़ में पैरादान की कमान अपने हाथों में लेते हुए गौठानों में पैरादान कर रही हैं वहीं ग्राम पंचायत के किसानों को पैरादान करने प्रोत्साहित भी कर रही हैं।

ओबीसी महासभा का गठन राकेश पटेल बने ब्लॉक अध्यक्ष

सारंगढ़/नवप्रदेश। सारंगढ ओबीसी महासभा जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ की प्रथम बैठक बल्लभ भवन सारंगढ में आज दोपहर 2 बजे सम्पन्न हुआ जिसमें जिला पदाधिकारी एवं ब्लॉक अध्यक्ष सारँगढ़ का गठन कर जिला मुख्यालय सारंगढ में विभिन्न मुद्दों को लेकर ज्ञापन देने के बारे में बिस्तृत चर्चा कर प्रस्ताव पारित किया गया । इस बैठक में जिला अध्यक्ष शनि राम साहु, अविनाश पुरी गोस्वामी, राधे जायसवाल, तुला राम साहु, पवन देवांगन, आत्मा राम साहु, शंकर देवांगन, सचिन राव,द्वारका साहु, सतीश यादव जिला युवा अध्यक्ष ओ बी सी महासभा ,विजय यादव शामिल रहे।

विद्यार्थियों ने किया बीएसएनएल और आकाशवाणी का औद्योगिक भ्रमण

सूरजपुर/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवनगर में विगत 5 सालों दो व्यवसायिक पाठ्यक्रम टेलीकॉम और ऑटोमोबाइल संचालित हो रहा है। जिसमें एक मुख्य पाठ्यक्रम टेलीकॉम भी है व्यावसायिक पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को राज्य माध्यमिक शिक्षा मिशन के नियमानुसार साल में दो बार औद्योगिक भ्रमण कराया जाता है। इसी कड़ी में स्कूल के प्राचार्य रमेश कुमार प्रजापति के निर्देश पर विद्यार्थियों को व्यवसायिक शिक्षक शिवम यादव और आदित्य दुबे के द्वारा बीएसएनएल ऑफिस अम्बिकापुर तथा आकाशवाणी अम्बिकापुर का औद्योगिक भ्रमण कराया गया। जिसमे खेल प्रशिक्षक यशवंत कुमार पांडव, सहायक शिक्षक विजय कुर्रे एवं उमाकांत मिश्र, मनीषा कुलदीप, दिनेश प्रजापति एवं समस्त स्टाफ का सहयोग प्राप्त हुआ। बीएसएनएल एवं अकाशवाणी में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा विद्यार्थियों को ऑप्टिकल फाइबर, संचार, रेडियो सिग्नल, ट्रांसमीटर, 4जी,5जी एवं स्प्लिसिंग के बारे में जानकारी दी गई तथा आकाशवाणी एवं बीएसएनएल कार्यविधि की प्रैक्टिकली जानकारी दी गई।

धान खरीदी कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : कलेक्टर

■ गाताडीह लेन्ध्रा और रक्सा गांव के धान खरीदी केन्द्रों का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

सारंगढ़-बिलाईगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने सारंगढ़ के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम गाताडीह स्थित धान ऊपार्जन केन्द्र में धान खरीदी कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने धान खरीदी केन्द्र में धान लेकर आए किसानों से चर्चा की। इस दौरान किसान विजय लाल जिनका दो एकड़ खेत है, वे धान लेकर आए थे, उन्होंने बताया कि धान खरीदी कार्य पहले से कहीं अधिक सुलभ हुआ है। इसके अलावा धान खरीदी केन्द्र में स्टैकिंग सही तरीके से नहीं किया गया था, किसान जो

धान लेकर आए थे उसमें नमी की जाँच करने पर नमी अधिक पाई गई, साथ ही रकबा समर्पण के लिए सहमति पत्र बनाने के कार्यो में लापरवाही दिखी, जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई और प्रभारी को नियमों का पालन करने के सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने लेन्ध्रा स्थित धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया, उक्त धान खरीदी केन्द्र में खराब क्वालिटी वाले बारदाने देखने को मिले, जिसे कलेक्टर ने वापस लौटाने के निर्देश दिए। साथ ही धान नये बारदाने में पलटी करने के पश्चात पुनः तौल कराने को कहा। इसके अलावा बारदाने में स्टेंसिल लगाने के कार्यो का भी जायजा लिया, उन्होंने कहा कि अच्छे ब्रश का इस्तेमाल करें ताकि स्टेंसिल का चिन्ह अच्छे से दिखाई दे।

कलेक्टर ने शासकीय विद्यालयों का किया निरीक्षण, बच्चों से की बात

कलेक्टर डॉ सिद्दिकी ने आज गाताडीह, कोसीर और छोटे गन्तुली स्थित शासकीय विद्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूल के बच्चों से बात की, उनका हालचाल पूछा और उनका उत्साहवर्धन किया। गाताडीह के 7वीं कक्षा के छात्रों से उन्होंने 9 का पहाड़ा पूछा, जिस पर बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ सही-सही पहाड़ा बोलकर सुनाया। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने कहा कि वह जब अगली बार आएंगी तो 13 का पहाड़ा पूछेंगी। इसी क्रम में छोटे गन्तुली शासकीय विद्यालय के 8वीं कक्षा बच्चों से अंग्रेजी भाषा में चर्चा कर उनका नाम, परिचय और उनकी हॉबी पूछा, बच्चों ने बहुत आत्मविश्वास के साथ अंग्रेजी में उत्तर दिया। इसके अलावा अंग्रेजी की पाठ्यपुस्तक के एक अध्याय के बारे में पढ़ाते हुए कलेक्टर ने कुछ एक जटिल शब्दों के बारे में बच्चों को सरल ढंग से बताया।

कलेक्टर ने शिविर में बनाये जा रहे बच्चों के जाति प्रमाण-पत्र का लिया जायजाः कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने 12 दिसंबर से जिले में 6 वर्ष तक के बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आंगनबाड़ी के माध्यम से आयोजित शिविर का जायजा लिया। इसी क्रम में उन्होंने आज ग्राम छोटे गन्तुली स्थित ग्राम पंचायत भवन और सिंघनपुर स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंची। ग्राम छोटे गन्तुली में पटवारी के तत्वाधान में शिविर का आयोजन किया जा रहा था, कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने पटवारी को एक फ्लेक्स लगाने को कहा ताकि शिविर के बारे में सबको जानकारी मिले।

तहसील कार्यालय पहुंची कलेक्टर, आवेदकों से की चर्चा

कलेक्टर डॉ सिद्दकी ने आज उप-तहसील कोसीर के तहसील कार्यालय पहुंचकर कार्यालयीन गतिविधियों का जायजा लिया। उप-तहसील के नायब तहसीलदार बंदे राम भगत ने विभागीय कार्यो की जानकारी दी। कलेक्टर ने तहसील कार्यालय में आए आवेदनों की कुल संख्या एवं आवेदनों के प्रकार के बारे में जानकारी ली। इसके अलावा कार्यालय में आए आवेदकों से चर्चा की तथा उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। उक्त समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारी को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

एम्स में कैपिटल ब्लड बैंक और रिट्रीवल सेंटर खोलने का प्रस्ताव

■ महानिदेशक ने किया एम्स का दौरा

■ स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्र सरकार के महानिदेशक (स्वास्थ्य सेवाएं) प्रो. (डॉ.) अतुल गोयल ने बुधवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान का दौरा कर यहां प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने एम्स में कैपिटल ब्लड बैंक और रिट्रीवल सेंटर खोलने का सुझाव दिया जिसे एम्स प्रबंधन ने स्वीकार कर लिया।

निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने प्रो. गोयल को एम्स में प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं और विभिन्न सुपर स्पेशियल्टी सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। प्रो. नागरकर ने बताया कि एम्स छत्तीसगढ़ के साथ ओडिशा, मध्य प्रदेश, झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश के रोगियों को भी सेवाएं प्रदान कर रहा है। यहां ओपीडी और आईपीडी में आने वाले रोगियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। उन्होंने एम्स में कैंसर और म्यूकर माइकोसिस के जटिल ऑपरेशन के बारे में भी जानकारी प्रदान की। प्रो. गोयल ने रीनल ट्रांसप्लांट के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।

प्रो. गोयल ने सुझाव दिया कि डीजीएचएस द्वारा प्रत्येक राज्य में कैपिटल ब्लड बैंक स्थापित किया जा रहा है जो विभिन्न ब्लड बैंक के बीच समन्वय का कार्य करेगा। इसके साथ ही रीनल ट्रांसप्लांट के अंतर्गत रिट्रिवल सेंटर भी बनाए जाने का सुझाव दिया। इन दोनों सुझावों पर प्रो. नागरकर ने सहमति प्रदान करते हुए संबंधित विभागों से इस दिशा में प्रस्ताव बनाने के लिए निर्देशित किया।

इस अवसर पर उप-निदेशक (प्रशासन) अंशुमान गुप्ता, प्रो. विनय पंडित, डॉ. अभिरूचि गल्होत्रा, डॉ. दिबाकर साहू, डॉ. रमेश चंद्राकर, डॉ. विनय राठौर, डॉ. अमित शर्मा, डॉ. संकल्प शर्मा और वी. सीतारामू उपस्थित थे।

छग में कोरोना वैक्सीन का प्रिकॉशन डोज लेने वालों की संख्या 75 लाख के पार

■ प्रदेश में अब तक कुल 5.03 करोड़ कोरोनारोधी टीके लगाए गए

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कोरोना वैक्सीन का प्रिकॉशन डोज लेने वालों की संख्या 75 लाख को पार कर गई है। प्रदेश में अब तक (13 दिसम्बर तक) 75 लाख दो हजार 191 लोगों ने कोरोना से बचाव के लिए प्रिकॉशन डोज ले लिया है। इनमें 18 वर्ष से 59 वर्ष आयु वर्ग के 57 लाख से अधिक तथा 18 लाख दो हजार 115 स्वास्थ्य कर्मी, फ्रंटलाइन वर्कर्स और 60 वर्ष से अधिक के नागरिक शामिल हैं।

प्रदेश में कोरोना से बचाव के लिए अब तक कुल पांच करोड़ तीन लाख 22 हजार 782 टीके लगाए गए हैं। इनमें से दो करोड़ 24 लाख 66 हजार 766 टीके पहली खुराक के तौर पर, दो करोड़ तीन लाख 53 हजार 825 टीके दूसरी खुराक के रूप में और 75 लाख दो हजार 191 टीके प्रिकॉशन डोज के तौर पर लगाए गए हैं। प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक के 94 प्रतिशत लोगों को कोरोनारोधी टीके की दोनों खुराक दी जा चुकी है।

बिजली बिल को लेकर घड़ियाली आंसू बहा रहे भाजपाई : कांग्रेस

■ भाजपा अपने राजनैतिक वजूद को बचाने आंदोलन की नौटंकी कर रही

रायपुर/नवप्रदेश। बिजली बिल को लेकर भाजपा के आंदोलन को कांग्रेस ने भाजपा की नई नौटंकी बताया हैं। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बिजली को लेकर भाजपाई घड़ियाली आंसू बहा रहे है। अपने राजनैतिक वजूद को बचाने आंदोलन की नौटंकी कर रही है। छत्तीसगढ़ में आज भी देश की सबसे सस्ती बिजली बिल मिलती है। छत्तीसगढ़ प्रदेश का एक मात्र ऐसा राज्य है, जहां 400 यूनिट तक बिजली का दाम आधा लगता है। देश भर के भाजपा शासित राज्यों यूपी, एमपी जैसे राज्यो में तो जनता को बमुश्किल 15 घंटे बिजली मिलती है। कांग्रेस की सरकार बनने के बाद भूपेश सरकार में 2 बार बिजली के दामों में कटौती की गयी है। राज्य में घरेलू बिजली के दामों के साथ उद्योगो की भी बिजली के दामों बढ़ोत्तरी मात्र कुछ पैसो की तब की गयी थी जब मोदी सरकार ने विद्युत निर्माण कंपनी को महंगा, विदेशी कोयला उपयोग का फर्मान जारी किया। रमन सरकार ने 15 साल में 14 बार बिजली के दाम बढ़ाया था। जिसमें 5 बार तो वी.सी.ए के नाम पर बिजली के दाम बढाये गये थे।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस सरकार केन्द्र सरकार की तमाम अवरोधों के बावजूद अपने राज्य के उपभोक्ताओं को सस्ते दर में बिजली देने को प्रतिबद्ध है। कांग्रेस सरकार 400 यूनिट तक की बिजली का दाम आधा ही लेती है। 44 लाख उपभोक्तओं को 400 यूनिट तक बिजली आधे दाम में मिल रही है। देश की अकेली राज्य सरकार भूपेश सरकार है जो 400 यूनिट तक बिजली आधे दाम में दे रही है। इस मामूली बढ़ोत्तरी के बावजूद देश में सबसे सस्ती बिजली छत्तीसगढ़ में है।

पूरे प्रदेश भर में मनाया जाएगा छत्तीसगढ़ सरकार का गौरव दिवस

■ सरकार के 4 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल देंगे जनता के नाम संदेश

■ गौरव दिवस 17 दिसम्बर के दिन राज्य के गौठानों, धान खरीदी केन्द्रों

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के चार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 17 दिसम्बर को गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन मुख्यमंत्री जनता के नाम संदेश भी देंगे। गौरव दिवस के दिन सभी जिलों के गौठानों, सहकारी सोसायटी परिसरों, धान खरीदी केंद्रों, तेंदुपत्ता संग्रहण केंद्रों, वनोपज प्रबंधन समितियों के कार्यालय स्थलों, हाट-बाजारों, नगरीय निकायों के वार्डों में कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इन कार्यक्रमों में लोगों को छत्तीसगढ़ सरकार की विगत चार वर्षों में हासिल की गई उपलब्धियों, निर्णयों के साथ-साथ जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारियां दी जाएंगी।

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी संभागायुक्तों, कलेक्टरों, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, वनमण्डल अधिकारियों एवं सहकारिता विभाग सहित इन आयोजनों से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली और उन्हें गौरव दिवस के आयोजन के संबंध में जरूरी निर्देश दिए। गौरव दिवस के दिन सुबह 11 बजे से राज्य के सभी गौठानों, तेंदुपत्ता संग्रहण केन्द्रों, नगरीय क्षेत्रों के प्रत्येक वार्डो और दोपहर 3 बजे से प्राथमिक सहकारी सोसायटी परिसर और धान खरीदी केन्द्रों में कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

गौठान में आयोजित कार्यक्रम में गौठान समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य, पशुपालक, गांव के किसान, भूमिहीन मजदूर, जनप्रतिनिधि, स्थानीय निकायों के सदस्य, राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य सहित स्थानीय निवासी हिस्सा लेंगे। नगरीय क्षेत्रों में वार्ड स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक हिस्सा लेंगे। वन क्षेत्रों में तेंदुपत्ता संग्रहण केन्द्रों और हाट बाजारों में भी गौरव दिवस का आयोजन होगा। तेंदुपत्ता संग्रहण केन्द्रों में गौरव दिवस के दिन किसानों और मजदूरों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी देने के साथ हाट बाजारों में सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी जाएगी। इसी प्रकार प्राथमिक सहकारी सोसायटियों और धान खरीदी केन्द्रों पर किसानों को आमंत्रित करके शासन की कृषि संबंधी प्रमुख योजनाओं जैसे कि ब्याज मुक्त ऋष्ा योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना इत्यादि की जानकारी उन्हें दी जाएगी।

बैठक में पीसीसीएफ संजय शुक्ला और आयुक्त जनसम्पर्क दीपांशु काबरा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। आदिम जाति एवं सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डी.डी.सिंह, कृषि विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, वन विभाग के सचिव प्रेम कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी इस बैठक में शामिल हुए।

जीएसटी काउंसिल की बैठक 17 को

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि 17 दिसंबर को होने वाली जीएसटी काउंसिलिंग की बैठक में सुझाव देने हेतु दिनांक 28-11-2022 को चेंबर भवन में विभिन्न व्यापारिक-औद्योगिक संगठनो एवं पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई थी । इसी तारतम्य में आज माननीय टी.एस.सिंहदेव जी,वाणिज्यिक कर मंत्री को पत्र के माध्यम से जीएसटी सरलीकरण के संबंध में सुझाव प्रेषित किया गया।

चेंबर प्रदेश अध्यक्ष पारवानी जी ने माननीय मंत्री जी को पत्र के माध्यम से बताया कि प्रदेश के व्यापारियों में जीएसटी को लेकर आ रही कानूनी और तकनीकी परेशानियों के सम्बंध में चेंबर भवन में विभिन्न व्यापारिक-औद्योगिक संगठनो एवं पदाधिकारियों की बैठक रखी गई थी जिसमें जीएसटी सरलीकरण को लेकर विभिन्न सुझाव प्राप्त हुए ।

कुछ व्यापारियों ने जीएसटी के जटिल प्रारूप को ही निरस्त करने की मांग की तथा जीएसटी के कारण व्यापार में बढ़ रहे लेखांकन खर्च सम्बन्धी परेशानियों को भी सामने रखा जिसे प्रमुख रूप से चेंबर ने सुझावों में सूचीबद्ध किया।

प्रदेश में बदहाल शिक्षा व्यवस्था को लेकर बृजमोहन अग्रवाल ने कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना

■ खतरे में छत्तीसगढ़ का भविष्य, कहीं शिक्षक नहीं तो कहीं मूलभूत सुविधाओं से वंचित छात्र

रायपुर/नवप्रदेश। शिक्षा समाज का वह महत्वपूर्ण अंग है जिसके बिना सभ्य समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती। संपूर्ण भारत में अभी एक स्लोगन बहुत प्रसिद्ध हुआ है, ÷पढ़ेगा इंडिया तभी तो बढ़ेगा इंडिया।÷ छत्तीसगढ़ प्रदेश के शिक्षा विभाग पर यह स्लोगन लागू ही नहीं होता। जब हम सरकारी स्कूलों पर नज़र डालेंगे तब छात्रों के भविष्य को लेकर हमारे माथे पर चिंता ज़रूर दिखेगी। इससे हम समझ पाएंगे कि किस प्रकार से यहां का शिक्षा विभाग ऑक्सीजन की बाट जोह रहा है।

छत्तीसगढ़ सरकार के शिक्षा विभाग की लचर व्यवस्था पर उन्हें घेरते हुए पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, हाल ही के मामलों में डौंडीलोहारा ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अरजपुरी में शिक्षकों की कमी को लेकर नाराज विद्यार्थियों ने ताला जड़ दिया और सड़क जाम कर दी। भिलाई कैम्प-2 विवेकानंद नगर की भवनविहिन शासकीय प्राथमिक शाला की कक्षाएं एक कमरे के सामुदायिक भवन में लग रही है। कक्षा पहली से लेकर 5वीं तक के बच्चों को एक-एक पंक्ति में बैठाया गया है। यहां बच्चे और शिक्षक दोनों ही परेशान हैं, तो वहीं सुकमा जिले के ग्राम गुफ्डी के पटेलपारा स्कूल में पिछले 3 माह से स्कूल में कोई शिक्षक नहीं है, जिसके कारण वहां पदस्थ सफाईकर्मी स्कूल में बच्चों को पढ़ा रहा है। पदोन्नति के बाद यहां पदस्थ शिक्षक की पदस्थापना सुकमा बालक पोस्ट मैट्रिक छात्रावास में हो गई है इस कारण स्कूल शिक्षक विहीन हो गया है। ऐसे न जाने कितने मामले छत्तीसगढ़ की शिक्षा व्यवस्था को पानी में डुबो रहे है। पर सरकार सत्ता के नशे में चूर होकर केवल छत्तीसगढ़ के भविष्य संग खिलवाड़ कर रही है।

पूर्व मंत्री ने यह भी कहा कि, प्रदेश के कई जिलों में शिक्षा का स्तर और सुविधाएं देश के सभी राज्यों के स्कूलों की तुलना में कम हैं। शिक्षा विभाग का 16,522 करोड़ का भारी भरकम बजट, फ़िर भी सरकारी स्कूलों का हाल-बेहाल होना; सरकार के भ्रष्टाचार को साफ तौर पर जाहिर कर रहा है। इतना ही नही यहाँ के सरकारी स्कूलों में तो परोसा जाने वाले मध्यान्ह भोजन की पौष्टिकता भी इस सरकार ने गटक ली है। हर दिन नई घोषणा करने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकारी स्कूलों में पेयजल आपूर्ति तक कि समस्या का निदान नहीं दे पा रहे हैं और सोशल मीडिया पर शिक्षा की क्रांति का पाठ पढ़ा रहे हैं। अरे मुख्यमंत्री जी अखबारों के पन्ने पलट कर देखो ये क्रांति शिक्षा स्तर किस ओर ले जा रही है। भूपेश की सरकार ने जितने भी दावे और वादे किए हैं, सब खोखले निकले हैं। ये सिर्फ जनता को ठगने और बेवकूफ बनाने का काम करते हैं। इन्हें सत्ता में बैठे रहने का कोई अधिकार नहीं।

विस अध्यक्ष ने सरदार वल्लभ भाई पटेल को दी श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत जी ने लौह पुरुष आजादी के प्रणेता सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर देश को समर्पित उनके कार्यों को याद करते हुए दी श्रद्धांजलि।

डॉ. महंत ने कहा सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा स्वतंत्र भारत के प्रथम गृहमंत्री थे। वे 'सरदार पटेल' के उपनाम से प्रसिद्ध हैं। सरदार पटेल भारतीय बैरिस्टर और प्रसिद्ध राजनेता थे। भारत के स्वाधीनता संग्राम के दौरान 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस' के नेताओं में से वे एक थे। 1947 में भारत की आज़ादी के बाद पहले तीन वर्ष वे उप प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, सूचना मंत्री और राज्य मंत्री रहे थे। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद क़रीब पाँच सौ से भी ज़्यादा देसी रियासतों का एकीकरण एक सबसे बड़ी समस्या थी। कुशल कूटनीति और ज़रूरत पड़ने पर सैन्य हस्तक्षेप के जरिए सरदार पटेल ने उन अधिकांश रियासतों को तिरंगे के तले लाने में सफलता प्राप्त की।

बता दें, सरदार पटेल जी को इन्ही सब उपलब्धि के चलते उन्हें लौह पुरुष या भारत का बिस्मार्क की उपाधि से सम्मानित किया गया।

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के खिलाफ की गई राजा पटेरिया के बयान की कड़ी निंदा की

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से प्रधानमंत्री पद की गरिमा का मान सम्मान का ध्यान रखती है राजा पटेरिया ने प्रधानमंत्री के खिलाफ जो बयान दिया उसकी कांग्रेस ने कड़ी निंदा की कांग्रेस का स्पष्ट मानना है प्रधानमंत्री ही नहीं किसी भी व्यक्ति के खिलाफ इस प्रकार से अमर्यादित टिप्पणी नहीं की जानी चाहिए।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि लेकिन भाजपा का नैतिक पतन हो चुका है इसलिए भाजपा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ अमर्यादित अशोभनीय टिप्पणी करने वाले पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की ना ही खेद प्रकट किया है और बल्कि भाजपा की परिपाटी बन गई है देश के पूर्व प्रधानमंत्रियों के खिलाफ कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करना और भाजपा की राजनीतिक रोटी सेकने उनकी छवि को धूमिल करना। भाजपा के प्रभारी डी पुरंदेश्वरी ने छत्तीसगढ़ की जनता की चुनी हुई सरकार को थूक कर बहाने की बात कर जनमत का अपमान किया था भाजपा के दूसरे प्रभारी नितिन नवीन ने छत्तीसगढ़ महतारी के मूर्ति लगाने को लेकर अशोभनीय टिप्पणी किया छत्तीसगढ़वाद के खिलाफ बात किया।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि अजय चंद्राकर लगातार छत्तीसगढ़ के मान सम्मान को चोट पहुंचा रहे हैं छत्तीसगढ़ के राजकीय चिन्ह छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति कांग्रेस नेताओं के खिलाफ अभद्रता कर रहे है अजय चन्द्राकर की अभद्रता का शिकार तो भाजपा से जुड़े भी हो चुके है सरकार के मंत्रियों के खिलाफ टिप्पणी करना अजय चंद्राकर की आदत हो गई है।

गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर आयोजित शोभायात्रा में शामिल हुए मंत्री डहरिया

■ 2.51 करोड़ रूपए से ज्यादा के विकास कार्यों की दी सौगात

रायपुर/नवप्रदेश। नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया आज यहां रायपुर जिले के अभनपुर में गुरू घासीदास जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित शोभायात्रा में शामिल हुए। इस दौरान मंत्री डॉ. डहरिया ने नगर पंचायत अभनपुर क्षेत्र के अंतर्गत में 2 करोड़ 51 लाख रूपए से अधिक के विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री श्री धनेन्द्र साहू विशेष रूप से मौजूद थे।

डॉ. डहरिया ने अभनपुर में मुक्ति कुटी के पास 15 लाख रूपए की लागत से बने शेड और 5 लाख रूपए की लागत से बनी बाउण्ड्रीवाल का लोकार्पण किया। इस तरह से नगर पंचायत अभनपुर के अंतर्गत करीब 31 निर्माण कार्य जिनकी लागत 2 करोड़ 63 लाख रूपए है का भूमिपूजन किया। निर्माण कार्यों में स्कूल भवन, सामुदायिक भवन, सी.सी.रोड, नाली, शेड, मंच, आहता, महिला मण्डल भवन सहित अन्य निर्माण कार्य शामिल है। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. डहरिया ने कहा कि प्रदेश के सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की जरूरत के अनुरूप निर्माण एवं विकास कार्य किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश के सभी वर्गो के लिए विभिन्न जन-कल्याण कार्यक्रम एवं योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना तहत् किसानों को सहायता पहुंचाई जा रही है। भूमिहीन परंपरागत् कार्य करने वाले एवं खेतिहर मजदूरों के लिए राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के अंतर्गत लाभान्वित किया जा रहा है। इसी तरह से अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अन्य कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम को क्षेत्रीय विधायक धनेन्द्र साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया।

मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में तेजी से जारी है ग्रामीण सड़कों का निर्माण एवं डामरीकरण

रायपुर/नवप्रेदश। छत्तीसगढ़ राज्य का सीमावर्ती नवगठित जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में ग्रामीण सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। जिले में दर्जन भर से ज्यादा सड़कों के निर्माण के बाद डामरीकरण कराया जा रहा है। कलेक्टर पी.एस. ध्रुव ने आज जिले के खड़गवॉ इलाके का दौरा कर ग्रामीण सड़कों के निर्माण एवं डामरीकरण कार्य का जायजा लिया। कलेक्टर ने अधिकारियों को सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता का विशेष रूप से ध्यान रखने और डामरीकरण का कार्य शीघ्र कराए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीओ लोक निर्माण सी.पी. बंजारे उनके साथ थे।

कलेक्टर ध्रुव ने अपने भ्रमण के दौरान घुटरा से मुसरा सड़क के डामरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़क की चौड़ाई और लेयर की मोटाई की जांच भी तकनीकी अधिकारियों से अपने समक्ष करायी। कलेक्टर ने कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही और गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को जिले की सभी सड़कों के निर्माण कार्य की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए।

कलिंगा विश्वविद्यालय में 'मेरी भाषा, मेरा हस्ताक्षर' अभियान का आयोजन संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय, नया रायपुर 101-150 के बैंड में एनआईआरएफ रैंकिंग 2022 के साथ नैक ग्रेड क्क+ से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय है और यह वास्तव में मध्य भारत में उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में उभरा है।

कलिंगा विश्वविद्यालय, नया रायपुर एक प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थान है जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुसंधान पर केंद्रित है। कलिंगा विश्वविद्यालय ज्ञान सृजन के लिए शिक्षण, नवाचार अनुसंधान में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रतिबद्ध है और छात्रों को उन्नत और एकीकृत प्रशिक्षण भी प्रदान करता है।

कलिंगा विश्वविद्यालय में भारतीय भाषा उत्सव- 2022 को मनाने के दौरान 12.12.2022 को 'मेरी भाषा, मेरा हस्ताक्षर' अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें देश-विदेश के विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी भाषा में हस्ताक्षर करके बढचढ कर हिस्सा लिया।

विदित हो कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार महाकवि सुब्रह्मण्य भारती के जन्म जयंती के अवसर पर भारतवर्ष के समस्त महाविद्यालय और विश्वविद्यालय में भाषायी संप्रभुता विकसित करने के उद्देश्य से भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कलिंगा विश्वविद्यालय के द्वारा 'मेरी भाषा, मेरा हस्ताक्षर' अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें कलिंगा विश्वविद्यालय में अध्ययनरत देश-विदेश के अनेक विद्यार्थियों ने अपनी भाषा में हस्ताक्षर करके इस आयोजन को सफल बनाया।

विश्वविद्यालय प्रांगण के मुख्य द्वार पर आयोजित इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए विद्यार्थी सुबह से ही उत्साहित थें, देर शाम तक इस आयोजन में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज की।इस आयोजन को सफल बनाने में छात्र कल्याण प्रकोष्ठ की अधिष्ठाता डॉ.आशा अंभईकर,हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.अजय शुक्ल,फैशन डिजाइनिंग विभाग के विभागाध्यक्ष कपिल केलकर और विभा चंद्राकर, मनीष सिंह,मो.युनूस, तोषन तारक और वीरेन्द्र साहू ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

रोजगार देने में देरी, कलेक्टर ने एसईसीएल के अफसरों को जमकर लगाई फटकार

■ एक सप्ताह में नामांकन की प्रक्रिया शुरू करने के दिए निर्देश

कोरबा/नवप्रदेश। संजीव झा ने आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आयोजित जनचौपाल में आमजनों की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनचौपाल में आज 190 लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किए। जनचौपाल में एसईसीएल कोरबा एरिया अंतर्गत प्रस्तावित अंबिका परियोजना से प्रभावित कुछ ग्रामीणों ने नौकरी की मांग रखी। ग्राम करतली के नवयुवक कल्याण समिति की ओर से कलेक्टर के समक्ष शिकायत करते हुए कहा गया कि अंबिका ओपन कास्ट कोल माइन्स परियोजना के लिए एसईसीएल ने जमीन का अधिग्रहण किया है, जिसका मुआवजा भी लगभग 80 प्रतिशत खातेदारों को वितरित कर दिया गया है, लेकिन इसके बाद भी एसईसीएल प्रबंधन न तो नौकरी नहीं दे रहा है, न ही नौकरी के आवेदनों पर प्रबंधन द्वारा कोई कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर संजीव झा ने इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसईसीएल कोरबा एरिया प्रबंधन को फटकार लगाई और एक सप्ताह में रोजगार के लिए पात्र खातेदारों को नौकरी देने नामांकन शुरू करने के निर्देश एसईसीएल कोरबा एरिया के जी.एम. को दिए हैं। इसी तरह एसईसीएल कोरबा एरिया अंतर्गत ही सराईपाली परियोजना से प्रभावित ग्राम केराझरिया निवासी बालकेश्वर श्रीवास्तव ने शिकायत रखी कि सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद और दो बार साक्षात्कार हो जाने पर भी एसईसीएल प्रबंधन नौकरी नहीं दे रहा है। इस शिकायत पर भी कलेक्टर ने एसईसीएल कोरबा प्रबंधन पर नाराजगी जताई और संबंधित आवेदक को जल्द नौकरी देने के निर्देश दिए। जनचौपाल में अपर कलेक्टर विजेंद्र पाटले, जिला पंचायत के सीईओ नूतन कंवर, नगर निगम के आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर शिव बनर्जी सहित सभी अनुविभागों के एसडीएम और अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

कलेक्टर झा ने भू-विस्थापितों को नौकरी देने में लेट लतीफी को लेकर एसईसीएल प्रबंधन के अधिकारियों को फटकार लगाई। पाली जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगानाला की सरपंच ने ग्राम बांधाखार से राहाडीह तक लोक निर्माण विभाग के जर्जर सड़क की समस्या कलेक्टर समक्ष बतायी। सड़क से सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन होता है। वहीं सड़क की हालत काफी खराब होने से दुर्घटना के साथ ही सड़क से उड़ने वाली धूल से अस्थमा, टीबी जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बना हुआ है। कलेक्टर ने इस समस्या को लेकर पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता को सड़क का मरम्मत कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सड़क से उड़ने वाले धूल-डस्ट पर नियंत्रण के लिए एसईसीएल से सड़क पर नियमित पानी का छिड़काव कराने के भी निर्देश दिए।

छात्रों के जाति प्रमाण पत्र बनाने का कार्य 31 दिसंबर तक हर हाल में पूरा करें : झा

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर संजीव झा ने आज समय सीमा की बैठक में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सर्व जनपद को निर्देशित किया कि कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र बनाने का कार्य 31 दिसंबर तक निश्चित तौर पर पूर्ण करके डाटा अपडेट किया जाये। डाटा एंट्री कार्य हेतु सहायक ग्रेड-03 सेवायें ली जायें। शासन के निर्देशानुसार राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर 17 दिसंबर को सभी विभागों, गौठानों में छत्तीसगढ़ गौरव दिवस मनाया जायेगा। इसके तहत गौठानों में सरकार की चार वर्ष की उपलब्धियों के विषय में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों आदि को जानकारी दी जाएगी। कलेक्टर झा ने इस संबंध में सभी जरूरी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दिन सभी धान खरीदी केंद्रो पर भी सरकार की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। छत्तीसगढ़ गौरव दिवस पर ग्रामीण क्षेत्र में हाट बाजार एवं नगरीय क्षेत्र में वार्ड स्तर पर वृहद पैमाने पर सरकार की उपलब्धियों का भी प्रचार-प्रसार किया जाएगा। समय सीमा की समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर विजेंद्र पाटले, जिला पंचायत के सीईओ नूतन कंवर, नगर निगम के आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर शिव बनर्जी सहित सभी अनुविभागों के एसडीएम और अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

कलेक्टर झा ने बैठक में जिले के ग्रामीण अंचलों में हाथी से होने वाली जनहानि एवं धनहानि को गंभीरता से लेते हुए वनमण्डलाधिकारी कोरबा एवं कटघोरा को निर्देशित किए कि हाथी से होने वाली जनहानि एवं धनहानि के उचित मुआवजे के प्रकरण शीघ्र निराकृत किये जायें। ग्रामीणों को मुआवजा देने के लिए शिविर आयोजित किये जायें। उन्होंने निर्देश दिए कि वनअधिकार पट्टा के लंबित प्रकरण शीघ्र निराकरण किया जाए। उन्होंने सर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को निर्देश दिये कि स्वामी आत्मानंद स्कूल निर्माण कार्य एवं रीपा के कार्य पूर्ण करायें। उन्होंने राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत बनाये जाने वाले किसान क्रेडिट कार्ड को बनवाने के लिए पशु चिकित्सा विभाग, मत्स्य विभाग, उद्यानिकी विभाग आदि को सबमिशन डेट के साथ फॉर्म जमा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए लंबित नामांतरण, बंटवारा आदि राजस्व प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के निर्देश अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार को दिये। उन्होंने जिले में हो रही धान खरीदी एवं बारदाने की उपलब्धता की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में स्वीकृत नये गौठान मनरेगा के तहत अमृतसरोवर के कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होने जिले में स्वीकृत नये गौठानों में गौठान प्रबंधन समितियों के गठन के कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

नेशनल कबड्डी के लिए रोशन का चयन

■ 18 से 22 दिसंबर को आंध्रप्रदेश के गुन्टूर में होगा नेशनल युवा महोत्सव

सूरजपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय ह्श्वस्स्ञ्स् नई दिल्ली द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के लिए राष्ट्रीय खेल महोत्सव 2022- 23 हेतु जिला राज्य स्तरों पर प्रतियोगिता सम्पन्न कराई गई यहां प्रतिभावान उत्कृष्ट छात्रों का चयन कर अब नेशनल स्तर पर खेल के लिए छत्तीसगढ़ से 15 दिसंबर को रवाना किया जाएगा।

बता दें कि छात्रों के हुनर को निखारने व प्रोत्साहित करने भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय के द्वारा राष्ट्रीय खेल युवा महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस खेल में नेशनल कबड्डी के लिए जिला सूरजपुर के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय शिवप्रसादनगर ओड़गी से उत्कृष्ट खिलाड़ी रोशनराज सिंह उइके का चयन हुवा है। जो 15 दिसंबर को 18 से 22 तक होने वाले राष्ट्रीय खेल महोत्सव

आचार्य नागार्जुन विश्वविद्यालय, गुन्टूर आंध्रप्रदेश में किया जाना निश्चित हुवा है। इसके किये प्रेमनगर विकास खंड के रहने वाले रोशनराज सिंह उइके शा. उ. मा.विद्यालय तारा के पीटीआई दया सिंह उइके के सुपुत्र हैं। उनके नेशनल स्तर खेल के लिए चयन होने पर विद्यालय प्राचार्य रामबिलास तिर्की व एकलव्य पीटीआई भरत देवदास सहित एकलव्य आदर्श विद्यालय के स्टॉफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दिए। रोशनराज सिंह उइके एकलव्य विद्यालय में कक्षा 9वीं का छात्र है। वह बचपन से ही मेघावी छात्र रहा है इतने कम उम्र में नेशनल खेल में चयन होना विद्यालय व निवास स्थान प्रेमनगर के लिए गर्व की बात है।

युवा महोत्सव कार्यक्रम जिला स्तर में 14 से 15 नवम्बर को आयोजित की गई थी, संभाग स्तर पर 18 नवम्बर से 19 को आयोजित की गई, राज्य स्तर पर 7 नवम्बर से 8 तक व 12 से 13 नवम्बर तक आयोजित था जिसमें उत्कृष्ट खेल खेलने वाले खिलाड़ियों का चयन नेशनल के लिए किया गया है। नेशनल खेल 18 से 22 दिसंबर तक आयोजित है। जिसके लिए छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी 15 को आंध्रप्रदेश के लिए रवाना होंगे।

आत्मा योजना से किसानों को काला गेहूं की उन्नत फसल की बोआई कराई

कांकेर/नवप्रदेश। उपसंचालक कृषि विभाग के निर्देशानुसार अंतागढ़ के ग्राम तहकाल के किसान घसिया राम उइके को कृषि विभाग आत्मा योजना अंतर्गत फसल प्रदर्शन काला गेहूं एवं सरसों का बीजोपचार कर इंटर क्रापिंग करवाया गया।इस पद्धति से किसान को फसल में दोगुनी आमदनी होगी।किसानों को काला गेंहू के औषधिय गुण शुगर कैंसर हार्ट अटैक जैसे रोगों हेतू बेहद फायदेमंद है।औषधीय गुणों से भरपूर होने की वजह से बाजार में भी मांग व मूल्य अधिक है।खेती के गुण सिखाने में कृषि विभाग के ब्लॉक टैक्नॉलॉजी मैनेजर रंजीता गार्डी,एसीस्टेंट टेक्नोलॉजी मैनेजर ऋषि कुमार उपस्थित रहे।

गोधन न्याय योजना का निरीक्षण करने प्रत्येक गौठान जाएं अधिकारी : सीइओ

■ कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पंचायत सीइओ ने सभी नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

बैकुण्ठपुर/नवप्रदेश। संयुक्त कलेक्ट्रेट के सभागार में गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों का भ्रमण करने वाले नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस बैठक को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सीइओ नम्रता जैन ने कहा कि यह षासन की महत्वपूर्ण योजना है जिससे कई स्तर पर हितग्राहियों को सीधा लाभ प्रदान किया जा रहा है। इसलिए नोडल अधिकारी हर पखवाड़े में कम से कम एक दिन गौठानों का भ्रमण अवष्य करें। इससे गौठानों में गोधन न्याय योजना के जमीनी क्रियान्वयन का बेहतर तरीके से आंकलन किया जा सकेगा और समन्वय से समस्याओं का तत्काल निराकरण करने में सहूलियत होगी। जिला पंचायत सीइओ ने आज गौठान के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर गोधन न्याय योजना के निरीक्षण के दौरान विशेष तौर पर देखे जाने वाले विषयों का उल्लेख कर उनकी जानकारी एकत्र करने के निर्देश दिए। नोडल अधिकारियों को निर्देशित करते हुए सीइओ जिला पंचायत ने कहा कि गोबर विक्रय से किसानों और पशुपालकों को सीधा लाभ हो रहा है इसलिए प्रत्येक भ्रमण में नियमित खरीदी की जानकारी जरूर लें। इसके साथ ही गोबर से वर्मी कंपोस्ट बनाने की प्रक्रिया में महिलाओं के स्व सहायता समूहों का लाभ जुड़ा हुआ है इसलिए सभी नोडल अधिकारी बनाए जा रहे वर्मी कंपोस्ट, उसकी कुल मात्रा के साथ बनाकर रखे गए वर्मी कंपोस्ट और उठाव के बाद गौठानों को होने वाले भुगतान की जानकारी अवष्य एकत्र करें। इसके लिए एक दिन निर्धारित करते हुए जिला पंचायत सीइओ ने कहा कि आप सभी षुक्रवार को अपने निर्धारित गौठान का भ्रमण करें इस संबंध में सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के साथ ही ग्राम पंचायत सचिवों और स्व सहायता समूहों की महिलाओं को भी सूचित करें ताकि सभी एक साथ एकत्र हों और इससे गौठान की सभी गतिविधियों का पूरा निरीक्षण एक बार में ही हो सकेगा और जहां पर भी समन्वय की कमी है वह चिंन्हाकित कर दूर की जा सकेगी। उन्होने बैठक में अधिकारियों को निर्देषित करते हुए कहा कि जिस भी गौठान में समूहों की महिलाओं को भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है उसका सही कारण भी अपने प्रतिवेदन में उल्लेख अवष्य करें जिससे जल्द निराकरण में सहूलियत हो। खरीदे गए गोबर के अनुसार उपलब्धता और वर्मी बनाए जाने का भी उल्लेख करने के निर्देष देते हुए सीइओ ने कहा कि सभी वस्तुओं का भौतिक सत्यापन अवष्य करें। जिससे पारदर्षिता बढ़ाई जा सके। इस बैठक में जनपद पंचायत सीइओ, उप संचालक पंचायत सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जेल से बाहर आने पर बोले अजय, प्रशासन की कार्रवाई को न्यायलय में दूंगा चुनौती

■ कलेक्टर की कार्यशैली पर तंज कसते कहा-कलेक्टरी की गरिमा को किया तार-तार

बीजापुर/नवप्रदेश। डीएमएफ में भ्र्ष्टाचार को लेकर प्रशासन के खिलाफ भूख हड़ताल के दरम्यान दो दिनों की रिमांड पर जेल गए युवा आयोग के पूर्व सदस्य अजय ने जेल से बाहर आते ही प्रशासन की कार्रवाई को न्यायालय में चुनौती देने की बात कही है.

अजय के मुताबिक वे कानूनी सलाह ले रहे है। जिन बिंदुओं को आधार बनाकर उन्हें जेल भेजा गया, उसके खिलाफ वे हाईकोर्ट में याचिका जरूर दायर करेंगे। लोहा डोंगरी में पत्रवार्ता में अजय ने बीजापुर कलेक्टर राजेन्द्र कटारा की कार्यशैली पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि कलेक्टर कटारा ने कलेक्टरी की गरिमा को तार-तार कर दिया है.कलेक्टर का फर्ज पूरा करने की बजाए अपनी गरिमा को विधायक के पास गिरवी रख चुके है।अब तो मुख्यमंत्री को उन्हें कलेक्टरी के साथ साथ विधायक के निज सहायक का अतिरिक्त प्रभार भी उन्हें सौंप दिया जाना चाहिए। अजय ने कहा कि डीएमएफ का पैसा जनता का पैसा है। फिर भी विधायक-कलेक्टर भ्र्ष्टाचार से बाज नही आ रहे है. चेहतों को काम बांटकर राशि का बंदरबांट किया जा रहा है। इसलिए उनकी मांग है कि डीएमएफ के तहत प्रदत्त मद, स्वीकृत कार्य, पूर्ण कार्य इत्यादि की जानकारी सार्वजनिक होने चाहिए, लेकिन विधायक-प्रशासन यह कभी नही चाहेंगे,उन्हें डर है कि कही सीएम की उप सचिव सौम्या चौरसिया की तर्ज पर उन पर कार्रवाई ना हो जाये। अजय के मुताबिक उन्हें अंदेशा है कि प्रशासन उन पर षड्यंत्र पूर्वक आगे भी कारवाई कर सकती है वे उसके लिए भी तैयार है, डीएमएफ में भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी जंग आगे भी जारी रहेगी।

न्यायालय तहसीलदार केशकाल जिला कोण्डागांव (छ.ग.)

रा.मा.क्र. 202212200400009
अ-6(अ)/2021-22

उद्घोषणा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) केशकाल का प्रकरण क्रमांक 202212200400009/ आवेदक मोहम्मद असलम पिता हाजी हारून जाति मुसलमान निवासी ग्राम केशकाल तहसील केशकाल जिला कोण्डागांव छ.ग. द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) केशकाल जिला कोण्डागांव में आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम केशकाल प.ह.नं. 17 केशकाल रा.नि.मं. केशकाल तहसील केशकाल स्थित भूमि खसरा नं. 91/3/ख, 91/3 ग, 1/28/न कुल ख.नं. 03 रकबा क्रमशः 0.0200 हे., 0.0200 हे. एवं 0.00120 हे. कुल रकबा 0.0520 हे. भूमि आवेदक के नाम पर है। उक्त भूमि अभिलेख राजस्व रिकार्ड में ऑनलाईन व्यपवर्तित दर्ज किया गया है। जबकि आवेदक के पास उक्त भूमि का डायवर्सन संबंधी दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने एवं त्रुटिपूर्ण दर्ज व्यपवर्तित को सुधार किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा आपत्ति हो तो प्रकरण सुनवाई दिनांक 29/12/2022 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के द्वारा अपना दावा/ आपत्ति पेश कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14/12/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी।

सील

तहसीलदार
केशकाल

कांग्रेस सरकार ने 76 प्रतिशत आरक्षण का विधेयक किया पारित, फाइल राजभवन में : उत्तरी जांगडे

सारंगढ़/नवप्रदेश। आरक्षण लागू नहीं किए जाने को लेकर कुछ संगठनों द्वारा विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं परन्तु यह किसी भी दृष्टिकोण से उचित प्रतीत नहीं होता है क्योंकि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के द्वारा हमारे मुखिया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में 76 प्रतिशत आरक्षण विधेयक विधानसभा में पारित कर यह फाईल राज्यपाल के हस्ताक्षर अनुमोदन के लिए राजभवन भेजा जा चूका इसी कारण ऐसा समझना की इस आरक्षण विधेयक में देरी कांग्रेस सरकार की ओर से हो रही है पूरी तरह से गलत व अन्याय पूर्ण ही कहा जा सकता है ।

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग, कार्यालय कार्यपालन अभियंता, हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal :http://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 116674/निविदा सूचना क्र. 10/व.ले.लि./ई-प्रोक्यूरमेंट/2022-23 दि, 12.12.2022 निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **02.01.2023** समय **17:30** तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का नाम - कांजी नाला पर परसदा एनीकट का निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत - रु. 231.18 लाख।

(विभाग के एस.ओ.आर. दिनांक 01.08.2014 एवं पुनरीक्षित दर दिनांक 22.08.2022 पर आधारित)

अन्य वितरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट http://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **19.12.2022** समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किए जा सकते हैं।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

जी-96622/6

कार्यपालन अभियंता
हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर
जिला- जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

प्रथम पृष्ठ का शेष

आत्मानंद स्कूल, ओपन ...

हितग्राही दंपति को विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 1 लाख रुपए का डेमो चेक वितरित किया। मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग के 5 हितग्राहियों को मसूर मिनी किट और मत्स्य विभाग के 3 हितग्राहियों को जाल का वितरण किया। सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि हमने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम 4 मई से शुरू किया था। अब हम आपके पास आए हैं। उन्होंने कहा कि जब वे यहां आ रहे थे, तो उन्हें पैरा जलाने की गंध आ रही थी, जो उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि आप लोग पैरा यानि पराली नहीं जलाएं, बल्कि इसका दान करें। पैरादान महादान की तरह है। उन्होंने कहा कि दिसंबर आधा बीत गया, लेकिन अभी तक ठंड नहीं पड़ रही है। यह सब कार्बन उत्सर्जन के कारण हुआ है। प्रदूषण फैलने के कारण इसका असर मौसम और वातावरण दोनों पर पड़ा है। उन्होंने कहा कि पैरा जलाने का कोई फायदा नहीं है। इससे ग्लोबल वॉर्मिंग बढ़ रही है, इसलिए हम चाहते हैं कि आप पैरा दान करें। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हमने सरकार बनते ही किसानों का कर्ज माफ किया था। 19 लाख से ज्यादा किसानों का साढ़े 9 हजार करोड़ रुपए का कर्ज माफ हुआ था। वे पहले कर्ज में डूबे रहते थे। उन्होंने कहा कि किसानों से जो वादा किया था, उसे घाटा सह कर भी हमने पूरा किया। 2500 रुपये प्रति क्विंटल में धान खरीदी की। केंद्र सरकार ने कहा कि समर्थन मूल्य से एक रुपये भी ज्यादा देंगे, तो हम धान नहीं लेंगे, लेकिन हमने किसानों से किया अपना वादा पूरा किया और उस पर अडिग रहे।

श्रेयस शतक के करीब...

ने आउट किया। अक्षर से पहले टेस्ट विशेषज्ञ बल्लेबाल चेतेश्वर पुजारा (90) को तैजुल इस्लाम ने बोल्ड कर दिया। पुजारा 51 पारियों से शतक नहीं बना सके हैं। इससे पहले ऋषभ पंत (46 रन), शुभमन गिल (20 रन), कप्तान केएल राहुल (22 रन) और विराट कोहली (1 रन) ने अपने विकेट गंवाए। बांग्लादेश की ओर से तैजुल इस्लाम ने 3 विकेट लिए। मेहदी हसन मिराज ने 2 विकेट लिए।

मेघालय से चार ...

इस्तीफा। सौंप दिया था। एनपीपी के नेतृत्व वाले मेघालय डेमोक्रेटिक एलायंस में उसकी सहयोगी भाजपा वर्तमान में पूर्वोत्तर राज्य मेघालय में सत्ता में है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

ई-नीलामी सूचना

पार्किंग ई-नीलामी क्रमांक: सीओएम/बीएसपी/ई-आक्शन/टू-व्हीलर/ पार्किंग/ दिसम्बर-09/ 2022.

पार्किंग स्टैंड के e-auction (निविदा) के अनुबंध के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की गई है। कैटेलॉग पहले ही IREPS वेबसाइट (https://ireps.gov.in) पर प्रकाशित की जा चुकी है। विवरण निम्नानुसार है-

कैटेलॉग क्रमांक	श्रेणी	नीलामी आरंभ	लॉट क्रमांक	लॉट विवरण	अनुबंध अवधि
BSP-PARK-BSPTW3	(पार्किंग दो पहिया वाहन)	20.12.22 12.00	PARKING BSP-BSP-TW-11-22-1 (Parking Two Wheeler)	बिलासपुर रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में दोपहिया वाहनों हेतु पार्किंग स्थल (बिलासपुर मण्डल)	1096 दिन

सीपीआर/10/364 सहायक वाणिज्य प्रबंधक/बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

डी.के. एस.एस. बिल्डिंग के पीछे, अर्जुन नगर, मोतीबाग रोड, जिला - रायपुर (छ.ग.)
Tele. 0771-2535304 email-nrhmraipur@yahoo.com
सं./एम.सी.ए./सत्रह/2022/28321 रायपुर, दिनांक :- 13/12/2020

निविदा विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि वर्ष 2022 - 23 हेतु कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला रायपुर छ.ग. में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम हेतु चार पहिया वाहन किराये पर लिये जाने, नाश्ता एवं भोजन तथा प्रचार प्रसार के लिए प्रिंटिंग कार्य हेतु वे समस्त निविदाकर्ता जिनके पास आवश्यक जरूरी दस्तावेज (GST No., PAN No., etc.) उनसे मुहरबंद निविदा पंजीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है ।

निविदा की विस्तृत शर्तें एवं निविदा प्रपत्र निर्धारित तिथि के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से कार्यालयीन अवधि में आवेदन पत्र एवं राशि रू. 1000/- (एक हजार रू. मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक जमा कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र हेतु डिमांड ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक **''जिला स्वास्थ्य समिति रायपुर''** के नाम से जमा करना होगा जो कि वापसी योग्य नहीं होगा । निविदा के संबंध में महत्वपूर्ण तिथियां निम्नानुसार है :- 1) निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि दिनांक 10.01.2023 को शाम 5.00 बजे तक। 2) निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 24.01.2023 को शाम 3.00 बजे तक। 3) निविदा खोलने की तिथि दिनांक 24.01.2023 को शाम 4 बजे । निविदा खोलने का स्थान कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रायपुर (छ.ग.)।

नोट :- बुलाई गई निविदा को किसी भी समय सक्षम अधिकारी द्वारा बिना कारण बताये निरस्त किया जा सकेगा । निविदा खोलने की तिथि एवं समय में अपरिहार्य कारणों से परिवर्तन किया जा सकता है, जिसकी सूचना कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा कर दी जावेगी।

संवाद-34932/1

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मुंगेली जिला-मुंगेली (छ.ग.)

ईमेल- eemun-phe-cg@nic ट्रांजिट हास्टल जेल रोड मुंगेली फोन-07755-264172, 205475

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

ऑनलाईन निविदाएं प्रपत्र-ए में प्रतिशत दर पर अनुबंध हेतु नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए जिला जल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा एकीकृत पंजीयन व्यवस्था में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का विवरण :- जिला मुंगेली के विकासखण्ड- लोरमी के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत खुडिया समूह ग्राम जल प्रदाय योजना (इन विलेज इंफ्रास्टक्चर) का कार्य।

क्र.	निविदा सूचना क्र./दिनांक	सिस्टम क्रमांक	ग्राम पंचायत	ग्राम का नाम	विकासखंड	अनुमानित लागत (रु. लाख में)
1	191/09.12.2022	116863	कोसाबाड़ी	कंचनपुर	लोरमी	42.62
2	192/09.12.2022	116864	नवागांव बेंकट	महरपुर	लोरमी	63.92
3	193/09.12.2022	116865	बंधवा	बंधवा	लोरमी	60.80
4	194/09.12.2022	116867	बिचारपुर	बिचारपुर	लोरमी	96.18
5	195/09.12.2022	116868	पथर्रा	रैतराखुर्द	लोरमी	47.51
6	196/09.12.2022	116869	लालपुर थाना	लालपुर थाना	लोरमी	46.44
7	197/09.12.2022	116870	हरनाचाका	हरनाचाका	लोरमी	74.03
8	198/09.12.2022	116871	मोहनपुर	मोहनपुर	लोरमी	65.52
9	199/09.12.2022	116872	दाऊकापा	दाऊकापा	लोरमी	81.54
10	200/09.12.2022	116873	मनकी	पीथमपुर	लोरमी	41.15

बिड सबमिशन की अंतिम तिथि - 31.12.2022

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 10.12.2022 से देखे जा सकते हैं।

जी-96618/4

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मुंगेली
जिला-मुंगेली (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम संपन्न

खरोरा/नवप्रदेश। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, खरोरा के सौजन्य से रामप्रसाद देवांगन शास. महाविद्यालय, खरोरा में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ रीता ध्रुव, डेंटल सर्जन, खरोरा, विशिष्ट अतिथि सोनिका गोस्वामी, सहयोगी डेंटल सर्जन, महाविद्यालय के प्राचार्य सी एस ओझा ने माँ वाग्देवी और स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्पित कर किया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि बीड़ी, गुटका, गुड़ाखु आदि सभी तम्बाकू उत्पाद का स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इनके सेवन से मुख छोटा व तालु कठोर होता है। पेट में इन नशीले पदार्थों के केमिकल जाने पर पेट के छाले होते हैं। त्वचा में लकीरें और दाग धब्बे पड़ने लगते हैं। हमारे शरीर के पॉजिटिव बैक्टीरिया को मार देता है। इसका लत लगने पर व्यक्ति आर्थिक और शारीरिक रूप से कमजोर, फेफड़े की समस्या, हड्डियाँ कमजोर, कैंसर होने के साथ क्षीण बुद्धिवाला होता है। नशा और नशा करने वालों से दूर रहें। अपने मुख की ठीक से सफाई करें। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से स्वयं तथा अपने घर परिवार वालों को नशा से दूर रखने आह्वान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय में प्राध्यापकों के साथ बहुत संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

एड्स जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

खरोरा/नवप्रदेश। एच आई वी एड्स जागरूकता कार्यक्रम डाक्टर संजीव कुमार तथा लिंक वर्कर योजना' समर्थन टीम द्वारा स्कूल छात्र छात्राओं को विशेष जानकारी देकर जागरूक करने तथा सुरक्षित रहने हेतु संदेश दिया गया साथ ही वर्तमान में बढ़ते इसके प्रकोप से सावधानी हेतु जानकारी दी गई । डॉ संजीव कुमार ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए पूरे संसार में एड्स के बढ़ने के कारणों पर प्रकाश डाला स्कूल के प्राचार्य जी पी शर्मा ने छात्रों को इस अभियान को परिवार और समाज तक पहुंचाने की अपील की । स्कूल के हिंदी व्याख्याता अवधेश पांडे ने समर्थन के सभी कार्यकर्ताओं तथा डॉ संजीव कुमार एवम उनकी टीम का आभार किया।

आंगनबाड़ी का आयुक्त ने किया निरीक्षण

दुर्ग/नवप्रदेश। /नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 20 आंगनबाड़ी स्कूल आदित्य नगर का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा के निर्देश पर पुराने आंगनबाड़ी को सर्व सुविधा युक्त आंगनबाड़ी बनाने के लिए शासन द्वारा प्रस्ताव पारित हो चुका है जिसको लेकर कलेक्टर के निर्देश पर स्मार्ट आंगनबाड़ी का निर्माण किया जाना है जिसमे सर्व सुविधा युक्त टीवी लगाना जिससे बच्चो को ज्ञान वर्धक बाते सिखाई जा सके। विशेष सुविधाएं मिलेंगी आंगनबाड़ी इंग्लिश मीडियम होगी जिससे बच्चे को बचपन से ही इंग्लिश मीडियम की शिक्षा दी जा सके,जिससे वे बचपन से ही इंग्लिश सीखकर बोल सके। इन आंगनबाड़ी में बच्चो के मनोरंजन के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है बच्चो के मनोरंजन के लिए खिलौने एवं झूले लगाए जा रहे है जिससे बच्चो का पढ़ाई के साथ साथ मनोरंजन भी हो सके। स्कूलों में बेहतर शैक्षणिक व्यवस्था सुनिश्चित करने पर आयुक्त ने वहीं बच्चों से बेहद विनम्रता से मिले। आयुक्त का बेहद सौम्य अंदाज देख बच्चे भी खुश हुए। आंगनबाड़ी में आयुक्त ने बच्चों से मुलाकात की जहां बच्चों ने उत्साहित होकर आयुक्त तिवारी को कविता और गिनती सुनाई। जिसपर आयुक्त ने बच्चों को शाबाशी दी।

आंगनबाड़ी निरीक्षण पर कलेक्टर ने सीधे बच्चों से भोजन एवं पूरक पोषण आहार मिलने पर बात की। इस बीच दो बच्चों आश्वी और बच्चो ने उन्हें कविता सुनाई। आयुक्त ने स्वयं भी बच्चों से गिनती पर क्लास ली और उन्हें अच्छे से पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। आयुक्त ने आंगनबाड़ी में दर्ज बच्चों की जानकारी ली। मौजूद सुपरवाइजर से जानकारी ली।उन्होंने ने आंगनबाड़ी में बच्चों के लिए गरम भोजन, पेयजल, ग्रोथ रिपोर्ट, किचन, पूरक पोषण आहार, उपस्थिति पंजी आदि का अवलोकन किया।

भूपेश सरकार की लोकप्रियता से भाजपा बौखला गई है : नीलू चंद्रवंशी

कवर्धा/नवप्रदेश। कवर्धा में भाजपा के द्वारा शांति व्यवस्था को भंग करने के विरोध में कांग्रेस पार्टी सड़क पर उतरी तथा भाजपा सहित पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमन सिंह का पुतला जलाया। कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री पर अपने राजनैतिक स्वार्थ के लिए गुंडागर्दी करवाकर कवर्धा का शांत माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने का आरोप लगाया है।

सैकड़ों कांग्रेसजनों की उपस्थिति में पुतला दहन कार्यक्रम सिग्नल चौक में कबीरधाम जिला कांग्रेस अध्यक्ष नीलकंठ (नीलू) चंद्रवंशी के नेतृत्व में किया गया।6 दिसंबर को भाजपा के प्रदर्शन के दौरान अनुसूचित जाति के पुलिस आरक्षक के साथ धक्का मुक्की कर अश्लील गाली देने वाले भाजपा के सौरभ सिंह के बचाव में पूरी भाजपा के सामने आने के विरोध में कांग्रेस का यह विरोध प्रदर्शन व पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया था।भाजपा के प्रदर्शनों में उत्पात मचाते दिखने वाले सौरभ सिंह के खिलाफ पुलिस आरक्षक के साथ हुई घटना के मामले में कवर्धा के कोतवाली थाने में

अपराध दर्ज किया गया है।सौरभ सिंह को फरार बताया गया है जिसकी पैरवी भाजपा के नेतागण कर रहे हैं।

जनता की जेब में पैसा, लोग खुशहाल

पुतला दहन कार्यक्रम में नीलू चंद्रवंशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पास कोई मुद्दा नहीं है ।छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की खुशहाली के लिए दिन रात कार्य कर रही है। कवर्धा सहित पूरे कबीरधाम जिले में कवर्धा के विधायक व प्रदेश के कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर राज्य सरकार की योजनाओं को अमलीजामा पहना रहे हैं। कवर्धा व कबीरधाम का अभूतपूर्व विकास हो रहा है। नीलू चंद्रवंशी ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की योजना से सभी वर्गों के लोगों को लाभ हुआ है।छत्तीसगढ़ सरकार अपनी योजनाओं से अलग अलग सभी वर्गों के लोगों के जेब में पैसे डाल रही है। छत्तीसगढ़ के मजदूर,किसान, नौजवान, गरीब वर्ग, महिला,व्यापारी,छोटे दुकानदार सभी लोग खुश हैं। भूपेश बघेल सरकार, कांग्रेस पार्टी और मोहम्मद अकबर की लोकप्रियता से भारतीय जनता पार्टी के लोग बौखला गई है, भाजपाई विचलित हो गए हैं। मुद्दा विहीन भारतीय जनता पार्टी कवर्धा में उलूल जुलूल हरकतें कर कवर्धा की शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास कर रही है। इससे आम जनता परेशान हो रही है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष नीलू चंद्रवंशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सौरभ सिंह द्वारा पुलिस आरक्षक के साथ जबरदस्ती धक्का-मुक्की कर गाली गलौच किया गया , जिस पर कवर्धा थाने में अपराध पंजीबद्ध किया गया है । उस आरोपी को भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा संरक्षण दिया जा रहा है जो कि गलत है ।कानून के रखवाले के साथ अपराध करने वाले को उसके अपराध की सजा मिलना ही चाहिए। लेकिन भारतीय जनता पार्टी के लोग सौरभ सिंह के साथ खड़े हुए हैं। ये दर्शाता है कि गुंडागर्दी करना भाजपा की प्रवृत्ति है तथा उनके संस्कार इसी तरह के

सब्जियों पर मौसम की मार आसमान छूने लगी कीमतें

खरोरा/नवप्रदेश। मौसम के बदलाव का असर अब सब्जियों में देखने को मिल रहा है । इसके कारण कई सब्जियों में दाम बढ़ गए हैं हैं तो कई सब्जियों में दाम घट गए हैं । ऐसा ही असर टमाटर उत्पादन पर पड़ रहा है उत्पादन एकदम से 35 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ गया है। सप्ताह भर में तैयार होने वाले टमाटर की फसल महज 2 स 3 दिनों में पक कर तैयार हो रही है ।बंपर आवक से टमाटर के दामों में भी गिरावट आई है । टमाटर के दाम कम होने से किसानों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। नयी फसल की बंपर आवक से टमाटर के थोक भाव औंधे मुंह गिरकर 10 रुपये किलोग्राम के न्यूनतम स्तर तक पहुंच गया है। लिहाजा, किसानों के लिए इसकी खेती की लागत निकालना भी मुश्किल हो गया है। जी-तोड़ मेहनत कर टमाटर की पैदावार करने के बावजूद भावों में गिरावट आने से किसानों के चेहरों पर मायूसी छाई हुई है। टमाटर के भाव कम होने से किसान चिंतित हैं। वहीं इधर मंडौस चक्रवात के चलते बदली छाई हुई है ऐसे में बारिश की आशंका से भी टमाटर के भाव में गिरावट आई है। किसानों ने बताया कि, इस बार टमाटर की बंपर पैदावार होने से भावों में भारी कमी आई है। मंडियों में सब्जियों के थोक भाव कम है। लिहाजा औंधे मुंह गिरे टमाटर के दामों ने किसानों की चेहरे की रौनक छीन ली है। सब्जी मंडी में टमाटर के भाव काफी गिर गए हैं। मंडी में टमाटर की एक क्रेट 200 से 400 रुपये तक बिक रही है जबकि कभी टमाटर की रेट 1200 से 1500 रुपये क्रेट था। चिल्हर में 70 से 80 रूपये किलो बिकने वाला टमाटर 20 रूपये किलो में बिक रहा है। तो कहीं 20 रूपये में ढाई किलो मिल रही है। सब्जी मंडियों में हर रोज टमाटर की हजारों क्रेट पहुंच रही है लेकिन किसानों को अच्छा दाम नहीं मिलने से उन्हें निराश होना पड़ रहा है।

किसानों की चिंता बढ़ी

बता दें कि कभी किसानों का टमाटर एक क्रेट 1200 से 1500 तक बिका था। जिससे किसानों को टमाटर ने मालामाल कर दिया था। हालांकि, इस बार दाम न मिलने से किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। उत्पादकों ने बताया कि टमाटर के दामों में कमी आई है। टमाटर के उचित रेट न होने से दिक्कतें पेश आ रही है। बदली-बारिश से भी बिक्री प्रभावित हो रही है। किसान उम्मीद कर रहे हैं कि आने वाले दिनों में टमाटर के दाम बढ़ जाएं। क्योंकि टमाटर की फसल पर ज्यादातर किसान निर्भर रहते हैं। पिछले साल इस मौसम में टमाटर के दामों ने आसमान छू लिया था, लेकिन इस बार दाम कम होने से किसानों की मुसीबत बढ़ गई है।

लोकल बाजार में खप रहा टमाटर

खासकर बेमेतरा, दुर्ग और जशपुर जिले के टमाटर उत्पादक किसान बेहद परेशान हैं। दूसरे राज्यों से खरीदार नहीं आने से टमाटर लोकल बाजार में खप रहा है। कुछ मंडियों में टमाटर के लिवाल नहीं होने से कीमतें गिर गई है। किसानों ने बताया कि लोकल बाड़ियों से बंपर आवक हो रही है। वहीं दूसरे प्रदेशों से डिमांड घट गई है। किसानों ने कहा कि दाम नहीं बढ़ा तो आने वाले दिनों में फसल खेत पर ही छोड़ने की नौबत आ सकती है। ऐसे में उन्हें दोतरफा नुकसान सहना पड़ा।

सीएसपीडीसीएल के नवनिर्मित विद्युत वितरण केंद्र का विधायक ने किया शुभारंभ

■ **25 ग्रामों के लगभग 7567 उपभोक्ता होंगे लाभान्वित**

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के तहत विभागीय संचारण-संधारण संभाग बालोद के जेवरतला में दिनांक 13 दिसंबर को नये वितरण केंद्र का शुभारंभ किया गया। वितरण केंद्र का शुभारंभ संसदीय सचिव छ.ग. षासन एवं विधायक गुण्डरदेही माननीय कुंवर सिंह निशाद ने फीता काटकर किया। श्री निशाद ने हर्श व्यक्त करते हुए विद्युत कंपनी एवं अन्य ग्रामीणों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जेवरतला में नया

वितरण केंद्र बन जाने से उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सुविधाएं मिलेगी, उन्हें किसी भी विद्युत संबंधी समस्याओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

कार्यक्रम में वितरण केंद्र के विशय में प्रकाश डालते हुए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता एम.जामुलकर ने बताया कि जेवरतला में नया वितरण केंद्र का षुभारंभ हो जाने से अब इसके अंतर्गत 25 ग्रामों के लगभग 7567 उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सुविधाएं मिलेगी, उन्हें किसी भी समस्या के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। विद्युत संबंधी समस्याओं का निराकरण त्वरित गति से हो सकेगा। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी बालोद एवं जिला पंचायत सदस्य चंद्रप्रभा सुधाकर, अध्यक्ष जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा जागृत सोनकर, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा पोशण बनपेला, जनपद सदस्य जेवरतला राजेष साहू, सरपंच ग्राम पंचायत जेवरतला यषंवत कुमार रावटे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं सीएसपीडीसीएल के अधीक्षण अभियंता सलील कुमार खरे, कार्यपालन अभियंता श्री टी.एल.सहारे तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

नि:संतान दम्पत्तियों के लिये आज नि:शुल्क परामर्श शिविर

दुर्ग/नवप्रदेश। एस.आर अस्पताल एण्ड रिसर्च सेंटर एवं पहलाजानी टेस्ट ट्युब बेबी सेन्टर के संयुक्त तत्वाधान में एस.आर अस्पताल चिखली दुर्ग के परीसर मे दिनांक 15 दिसंबर 2022 दिन गुरुवार को नि:शुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है। नि: शुल्क परामर्श शिविर का समय प्रातः10 बजे से दोपहर 3 बजे तक है।

S.R.HOSPITAL पहलाजानी टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर की डॉ नमिता चंद्र वर्मा स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं IVF विशेषज्ञ ने बताया की कृत्रिम गर्भ धारण कराने की यह अत्याधुनिक टेक्नोलाजी है। इस प्रक्रिया में महिलाओ को कृत्रिम तरीके से गर्भ धारण कराया जाता है।

S.R.HOSPITAL एस आर अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ स्वेता रानी प्रसाद ने बताया की माँ बनने का अहसास सभी महिलाओं के लिए बहुत ही खास होता है बताया की जब महिला माँ बनती है तो उस महिला के लिए एक नए जीवन के सामान होता है। डॉ स्वेता रानी ने अंचल के निःसंतान दम्पत्तियों से विनम्र अपील की की दिनांक 15 दिसंबर दिन गुरुवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित निःशुल्क परामर्श शिविर का लाभ अवश्य लें द्य एवं जनहीत में सुचना को ज्यादा से ज्यादा लोगों को शेयर करने के लिए निवेदन किया है।

भरी सर्दी से राहत हेतु बच्चों को मिला अमूल्य सहयोग

खरोरा/नवप्रदेश। इस ठिठुरन भरी ठंड के मौसम में आज 12 दिसंबर का दिन शासकीय प्राथमिक शाला नायकटांड़ के लिए खास रहा। आज खरोरा नगर के युवा समाज सेवी अजय वर्मा संचालक एमर्स कोचिंग संस्थान खरोरा, सुमित सेन पत्रकार, अभिलाष अग्रवाल पत्रकार के द्वारा हमारे शाला के बच्चो के लिए 22 नग स्वेटर का सहयोग दिया गया और प्रत्येक बच्चो को पेन, पेंसिल और शार्पनर भेट किया गया। इस महत्वपूर्ण क्षण में अजय वर्मा जी ने बच्चो को बताया कि कैसे संघर्ष कर वह वर्तमान समय में पहुंचे है। उन्हे सुनकर उनसे बच्चो ने प्रेरणा

लिए। ज्ञात हो कि अजय वर्मा हमारे शाला के नवाचारी शिक्षक नारायण प्रसाद देवांगन के सहपाठी रहे हैं, और वह बच्चो की शिक्षा के प्रति सदैव सहयोगी रहे है। पूर्व में भी उनके द्वारा शाला में चित्रचार्ट (फ्लैक्स प्रिटिंग) के लिए भी ?2000 की सहयोग राशि भी दिया गया था, जिससे निर्मित चार्ट का लाभ आज भी बच्चे ले रहे है। आज के इस अमुल्य सहयोग के लिए सभी सहयोगी साथियो को धन्यवाद देते हुए प्रधानपाठक लक्ष्मण सिंह वर्मा कहा कि शिक्षा के विकास रथ को आगे बढ़ाने में जब समुदाय भी साथ जुड़ जाते तो विकास की गति और आगे बढ़ जाती है। संस्था के वरिष्ट शिक्षक नोहर टंडन जी, व नवाचारी शिक्षक नारायण प्रसाद देवांगन, रामेश्वर ध्रुव व समस्त शाला परिवार नायकटांड़ ने सभी सहयोगियों का हृदय से धन्यवाद दिया गया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार के सहयोग शिक्षा में देते रहने का आग्रह किया।

मेडिक्स ग्लोबल और एमपॉवर ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी भ्रांतियों को कम करने के लिए सहयोग किया

मुंबई/नवप्रदेश। मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं दुनिया भर में लगातार बढ़ रही हैं और ये तेजी से वैश्विक महामारी का रूप ले रही हैं। वैश्विक स्वास्थ्य प्रबंधन कंपनी, मेडिक्स ने आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट की एक पहल एवं भारत में मानसिक स्वास्थ्य क्षेत्र में अग्रणी, एमपावर के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी की है। मेडिक्स 300 से अधिक इन-हाउस चिकित्सकों की टीम और दुनिया के 4,500 से अधिक अग्रणी स्पेशलिस्ट्स के वैश्विक गुणवत्ता मान्यता-प्राप्त नेटवर्क के साथ लाखों ग्राहकों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को प्रभावी तरीके से पूरा करता है और एमपावर के पास 600 से अधिक अनुभवी मानसिक स्वास्थ्य प्रोफेशनल्स की मजबूत क्षमता है जिसने वैज्ञानिक दृष्टि से प्रामाणिक, विश्वस्तरीय हस्तक्षेप तकनीकें उपलब्ध कराकर 121 मिलियन से अधिक लोगों की जिंदगी को सकारात्मक रूप में प्रभावित किया है। इस साझेदारी के जरिए, एमपावर और मेडिक्स भारत में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने के लिए एकीकृत और उन्नत तकनीकी समाधान पेश करेंगे।

एमपावर और मेडिक्स साथ मिलकर भारत में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी संवाद में बदलाव लाने हेतु काम करेंगे और इस हेतु सहायता पाने के नए तरीकों को बढ़ावा देंगे। यह साझेदारी मानसिक और भावनात्मक परामर्श और सलाह के लिए नया, समग्र दृष्टिकोण प्रदान करती है, जिसे विशेष रूप से देश के युवाओं तक पहुंचने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस महत्वपूर्ण साझेदारी के अंतर्गत, मेडिक्स इंडिया एमपॉवर की मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को अपने विभिन्न देखभाल कार्यक्रमों में शामिल करेगा, अपने ग्राहकों और भागीदारों को उपलब्ध कराएगा जिनमें प्रमुख बीमाकर्ता, कॉर्पोरेट नियोक्ता और अन्य हितधारक शामिल हैं, और एमपावर क्लीनिक एवं वर्चुअल मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ कराएगा। इस साझेदारी के माध्यम से एमपावर ज्ञान और सेवा भागीदार के रूप में मानसिक स्वास्थ्य क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता के साथ मानसिक स्वास्थ्य सहायता चाहने वाले रोगियों को विभिन्न प्रामाणिक मानसिक स्वास्थ्य समाधान और उपचार प्रदान करेगा।

एचडीएफसी बैंक ने परिवर्तन स्मार्टअप ग्रांट्स के लिए स्टार्टअप इंडिया के साथ साझेदारी की

मुंबई/नवप्रदेश। आज एचडीएफसी बैंक ने भारत सरकार के फ्लैगशिप अभियान, 'स्टार्टअप इंडिया' के साथ साझेदारी में सोशल स्टार्टअप्स के लिए अपने छठवें वार्षिक ग्रांट्स कार्यक्रम का लॉन्च करने की घोषणा की। परिवर्तन स्मार्टअप ग्रांट्स नामक इस कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक प्रभाव के क्षेत्र में काम कर रहे स्टार्टअप्स की पहचान करना और उनके इन्क्यूबेटर्स को पूंजी की मदद देकर उनकी सहायता करना है।

ये ग्रांट बैंक के सामाजिक अभियानों के लिए अम्ब्रेला कार्यक्रम, परिवर्तन के अंतर्गत दी जाती हैं। अभी तक बैंक 45 से ज्यादा इन्क्यूबेटर्स को 30 करोड़ रु. से ज्यादा वितरित कर चुका है, जिससे पर्यावरण, कृषि-व्यवसाय, एड-टेक, कचरा प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवा, और कौशल विकास के क्षेत्रों में काम करने वाले 165 से ज्यादा स्टार्टअप्स को मदद मिली है। बैंक अपने अत्याधुनिक स्मार्ट-अप कार्यक्रम द्वारा स्टार्टअप्स को सक्षम बना रहा है। यह कार्यक्रम उद्यमियों को विशेष बैंकिंग एवं वैल्यू-एडेड सेवाएं प्रदान करता है। इसका उद्देश्य स्टार्टअप्स को बैंक के मशहूर एवं अत्याधुनिक स्मार्ट फाईनेंशल टूल्स, एडवाईज़री सेवाओं, एवं टेक्नॉलॉजी की मदद से अपने लक्ष्य प्राप्त करने में समर्थ बनाना है।

एचडीएफसी बैंक की हेड, ईएसजी एवं सीएसआर, नुसरत पठान ने कहा, ''वित्तवर्ष 2022 में अपने विभिन्न सीएसआर अभियानों द्वारा हमने देश में 9.6 करोड़ से ज्यादा लोगों को लाभ पहुँचाया है। हमारा उद्देश्य परिवर्तन के अंतर्गत प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष प्रयासों द्वारा लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना, और उन्हें आत्मनिर्भर बनकर समाज का अभिन्न हिस्सा बनने में सक्षम करना है। हमें अपनी छठवीं परिवर्तन स्मार्टअप ग्रांट के लिए स्टार्टअप इंडिया के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा करने पर गर्व है। यह ग्रांट सामाजिक रूप से जागरुक व्यवसायों को अपने उद्देश्य प्राप्त करने में मदद करेगी।''

3 वार्डो के लोगों को मिलेगी सड़क की सुविधा

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आर एन वर्मा,सभापति राजेश यादव के मौजूदगी में आज बुधवार को डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। महापौर और विधायक ने संबंधित विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार को निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। कहा लंबे समय से वार्ड पार्षद सहित वार्ड नागरिको द्वारा इस सड़क डामरीकरण निर्माण कार्य की मांग कर रहे थे। सड़क निर्माण कार्य से हज़ारो लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी सूरत में समझौता बर्दाश्त नहीं होगा। वह समय समय पर अधिकारी सड़क की गुणवत्ता का निरीक्षण करते रहेंगे।सड़क डामरीकरण निर्माण के लिए 35,33 लाख की लागत से विकास कार्यो का भूमिपूजन किया गया। इस मौके पर विधायक ने उपस्थित निवासियों से कहा मूलभूत विकास निर्माण कार्य के लिए पैसे की कमी नहीं हैं आपकी जरुरत और सुविधाओं को देखते हुये आज विकास निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन किया गया है। भूमिपूजन के दौरान पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आर एन वर्मा,सभापति राजेश यादव, लोक कर्म विभाग अब्दुल गनी,संजय कोहले,दीपक साहू,सत्यवती वर्मा, हमीद खोखर, पार्षद राज कुमार नारायणी, मीना सिंह, एल्डरमेन राजेश शर्मा, अजय गुप्ता, कृष्णा देवांगन, मनीष यादव, रत्ना नारमदेव, देव सिन्हा, पूर्व पार्षद सोनम नारायणी, अजय मिश्रा, राज कुमार पाली, सुशील भारद्वाज, कार्यपालन अभियंता प्रमोद दुबे, सहायक अभियंता आरके पालिया, विकास दमाहे सहित अन्य मौजद थे। उल्लेखनीय है कि लम्बे समय से पार्षद व वार्ड के निवासी विकास और निर्माण की बाट जोह रहे थे। इस वार्डो के क्षेत्र में सड़क डामरीकरण कार्य की अधिक आवश्यक है। जिसे देखते हुये विधायक एवं महापौर की पहल पर 35.33 लाख की लागत से वार्ड क्र. 23 मालवीय नगर चौक से रेल्वे स्टेशन तक बी0टी0 रोड निर्माण कार्य।वार्ड क्र. 25 विभिन्न गलियों में बी. टी. रोड निर्माण कार्य।वार्ड क्र. 26 बुनकर संघ के बाजू में सड़क डामरीकरण कार्य करवाया जाएगा।

जय श्री राम के जयघोष के साथ निकली कलश यात्रा

■ **कल से शुरू होगा 9 दिवसीय रामकथा, शहर पहुंचे राष्ट्रसंत स्वामी चिन्मयानंद जी महाराज**

भिलाई/नवप्रदेश। सिर पर कलश लिए हजारों महिलाएं श्रीराम का जयघोष कर चलने लगी तो साथ-साथ ढोल नगाड़े भी बज उठे। खुर्सीपार के श्रीराम चौक के मैदान में श्रीराम कथा से एक दिन पहले मंगलवार को कलश यात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे और ढोल नगाड़े के साथ निकली इस कलश यात्रा में महिलाएं पीली और लाल रंग की साड़ी पहनकर पहुंची थी। खुर्सीपार के शिवमंदिर से निकली यह कलशयात्रा खुर्सीपार के विभिन्न मार्गो से होते हुए कथा स्थल पहुंची।

आयोजक एवं जीवन आनंद

फाउंडेशन के संचालक विनोद सिंह ने बताया कि दुसरे वर्ष के आयोजन में स्वामी चिन्मयानंद 9 दिनों तक रामकथा का रसपान कराएंगे। वही पंडित संदीप तिवारी यज्ञ शाला में रोजाना यज्ञ का आयोजन करेंगे। इस कलश यात्रा में महिलाओं के साथ-साथ युवाओं ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में लाइव झांकी भी आकर्षण का केन्द्र रही। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय, पूर्व सभापति एवं पार्षद श्याम सुंदर राव, तेज बहादूर सिंह, श्रीराम जन्मोत्सव समिति के महामंत्री बुद्धन सिंह ठाकुर, जिलाअध्यक्ष युवा प्रभाग मनीष पांडेय, स्मिता धोड़के, वीणा चंद्राकर, पियुष मिश्रा, प्रवीण पांडेय, प्रियंका साहू, शैलजा, ईश्वरी नेताम आदि मौजूद थे।

लाइव झांकी रही आकर्षक

कलश यात्रा में लाइव झांकी लोगों के बीच आकर्षण का केन्द्र रही। यहां गायकों के भजन पर कलाकरों ने एक से बढ़कर एक झांकी प्रस्तुत की। यहां कलाकारों ने दुर्गा के नौ रूप सहित महादेव, गणपति, हनुमान, श्रीराम आदि के स्वरूप में सजकर प्रस्तुति दी। रास्तेभर लोग उन्हें ठहरकर देखते रहे।

युवाओं ने उठाया धर्म ध्वज

कलश यात्रा में जितना उत्साह महिलाओं ने दिखाया, उतना ही युवा भी उत्साहित नजर आए। माथे पर चंदन लगाकर हाथों में धर्म ध्वज लिए युवा इस कलश यात्रा की अगुआई कर रहे थे। कार्यक्रम में जीवन आनंद फाउंडेशन के सभी सदस्यों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर श्रीरामजन्मोत्सव के मनीष पांडेय ने कहा कि रामकथा हमें जीवन को कैसे जीना है उसका तरीका बताती है। हमें अपने धर्म से जोड़ती है। खुर्सीपार में श्रीरामकथा से पहले ही पूरा माहौल राममय हो चुका है।

स्कूलों में बिजली आई नहीं, करा दिया तीन करोड़ का भुगतान, कार्यपालन अभियंता सहित छह पर केस दर्ज

■ सरगुजा जिले का मामला, कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में बच्चों के हिस्से की रोशनी का भी अफसरों ने गबन कर लिया। जिले के एक हजार से अधिक स्कूलों में विद्युतीकरण होना था। वहां बिजली तो नहीं पहुंची, लेकिन अफसरों ने फर्जी बिल के जरिए तीन करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान करा दिया। मामले में ठेकेदार से लेकर अफसरों तक की मिलीभगत सामने आई, लेकिन पुलिस ने एफआईआर तक दर्ज नहीं की। अब कोर्ट के आदेश पर करीब 10 साल बाद अफसरों और ठेका कंपनी पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। दरअसल, सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत राजीव गांधी मिशन से साल 2011-12 और 2012-13 में जिले के 1005 प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में विद्युतीकरण का काम होना था। इसके लिए लोक निर्माण विभाग के विद्युत/यांत्रिकी विभाग को जिम्मेदारी दी गई। विभाग की ओर से ठेका गणपति कंस्ट्रक्शन को मिला था। प्रत्येक स्कूल के लिए 30 हजार रुपये तय किए गए थे। ठेकेदार की ओर से काम पूरा करने की बात कहते हुए बिल-वाउचर्स लगाए गए और भुगतान उठा लिया गया।

जांच में पता चला काम हुआ ही नहीं : इसको लेकर अधिवक्ता डीके सोनी ने सरगुजा कलेक्टर से शिकायत की और बताया कि काम हुआ ही नहीं है। इस शिकायत पर कमिश्नर से आदेश से जांच टीम का गठन किया गया। टीम ने मई 2015 को जांच पूरी कर अपना प्रतिवेदन लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव को भेज दिया। इसके बताया गया कि टीम ने 120 स्कूलों का निरीक्षण किया। वहां पदस्थ प्रधान पाठकों के भी बयान दर्ज किए गए। निरीक्षण के दौरान पता चला कि स्कूलों में विद्युतीकरण का कार्य किया ही नहीं गया है।

अफसरों ने फर्जी मूल्यांकन कर किया भुगतान

प्रतिवेदन में यह भी बताया गया कि स्कूलों में विद्युतीकरण के लिए लोक निर्माण विभाग के विद्युत यांत्रिकी के कार्यपालन अभियंता को नोडल एजेंसी बनाया गया था। विभाग की ओर से बताया गया कि कार्य को ठेका कंपनी से पूरा कराया गया और रकम का भुगतान कर दिया गया। इस तरह बिना कार्य के भुगतान किया गया। इसमें विभाग के अधिकारियां ने फर्जी मूल्यांकन कर प्रमाणपत्र देने के साथ ठेका कंपनी को भुगतान करते हुए शासकीय राशि का गबन किया है।

कोर्ट के आदेश पर एफ आईआर दर्ज हुआ

जांच के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर अधिवक्ता डीके सोनी ने आरटीआई के तहत दस्तावेज निकलवाए और थाने में एफआईआर दर्ज कराने के लिए आवेदन किया। इसके बाद भी पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया। इस पर अधिवक्ता ने सीजेएम कोर्ट में परिवाद पेश किया। कोर्ट के आदेश पर मंगलवार को कार्यपालन अभियंता एचएल शर्मा, सब इंजीनियर रीता सेन, रुपाली सिन्हा, सीमा साहू, ठेकेदार गणपति कंट्रकशन और निशिकांत त्रिपाठी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

सौम्या की 5 दिन की रिमांड बढ़ाई गई, 19 को होगी अगली सुनवाई

रायपुर/नवप्रदेश। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बुधवार को मुख्यमंत्री के उप सचिव सौम्या चौरसिया को कोर्ट में पेश किया। ईडी ने सौम्या चौरसिया को अजय सिंह राजपूत की अदालत में पेश किया। अदालत ने सौम्या चौरसिया को 5 दिन की न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। 19 दिसंबर को सौम्या चौरसिया को वापस कोर्ट में पेश किया जाएगा। ईडी ने अदालत में 14 दिन की न्यायिक रिमांड की मांग की थी लेकिन कोर्ट ने 5 दिन की न्यायिक रिमांड की मंजूरी दी है। सौम्या चौरसिया के वकील मनिंदर सिंह ने बताया ईडी ने पिछली बार 4 दिन की रिमांड मांगी थी। लेकिन आज ईडी ने कहा कि हमें सौम्या चौरसिया से और पूछताछ नहीं करनी है। जब तक हमारी इन्वेस्टिगेशन चलती है तब तक उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया जाए। ईडी ने 14 दिन के न्यायिक रिमांड की कोर्ट में रिक्वेस्ट की थी लेकिन अदालत ने उन्हें 5 दिन की न्यायिक रिमांड स्वीकृत की है। ईडी ने अभी तक चार्जशीट फाइल करने का कोई भी प्रपोजल अदालत के सामने नहीं रखा है। लगता है ईडी ने जो 12 दिन सौम्या चौरसिया को अपने पास रखकर पूछताछ की है उसमें कुछ निकलकर नहीं आया है। हालांकि ईडी जब चार्ट शीट अदालत के सामने रखेगी तो उसमें और बातें पता चलेगी। अगर चार्जशीट नहीं लाती है तो वह बाहर आ जाएंगी।

ब्रेन ट्यूमर से परेशान 10वीं के छात्र ने कीटनाशक पीकर दे दी जान

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोरबा में 10वीं कक्षा के एक छात्र ने खुदकुशी कर ली। छात्र लंबे समय से ब्रेन ट्यूमर की बीमारी से जूझ रहा था। उसके इलाज के लिए परिजनों ने घर और खेत तक गिरवी रख दिया था। इससे परेशान छात्र ने मंगलवार रात कीटनाशक पी लिया और इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मर्ग दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला करतला थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, नवापारा गांव निवासी मान सिंह खेती-किसानी करते हैं। उनका बड़ा बेटा सुनील 11वीं का छात्र है। जबकि छोटा सुरेश (17) 10वीं का छात्र था। सुरेश को करीब पांच साल पहले ब्रेन ट्यूमर हो गया था। इसके बाद से ही उसका इलाज चल रहा था। इसमें लाखों रुपये खर्च हो चुके थे। परिजनों ने इलाज के लिए घर और खेत को भी गिरवी रख दिया था। एक साल पहले उसका ऑपरेशन भी हुआ था, पर वह ठीक नहीं हो पा रहा था।

देर रात परिजनों ने उल्टियां करते देखा

इसके चलते परिजनों के साथ ही सुरेश भी काफी परेशान रहता था। परिजनों ने पुलिस को बताया कि मंगलवार रात सबने साथ में खाना खाया। इसके बाद सोने के लिए चले गए। देर रात नींद खुली तो देखा कि कमरे के बाहर सुरेश उल्टियां कर रहा है। उससे पूछा तो बताया कि कीटनाशक का सेवन किया था। इस पर परिजन उसे तत्काल ही जिला अस्पताल ले गए, वहां उपचार के दौरान सुरेश ने दम तोड़ दिया।

पढ़ाई में काफी होशियार था सुरेश

सुरेश के भाई सुनील ने बताया कि वह पढ़ाई-लिखाई में काफी होनहार था। हमेशा से उसके अच्छे नंबर आते थे। जब से वह बीमार हुआ, उसके बाद से ही परेशान रहने लगा था। जिला अस्पताल चौकी प्रभारी रविंद्र कुमार जनार्दन ने बताया कि परिजनों का बयान दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है। मामले की आगे जांच के लिए संबंधित थाना करतला को डायरी भेजी जाएगी।

4 नवजात शिशुओं की मौत मामले में शिशु रोग विशेषज्ञ निलंबित, अस्पताल अधीक्षक भी बदले गए

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हुए घटना पर अब जाकर जिम्मेदारों पर कार्रवाई हुई है। इस मामले में स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव ने अस्पताल में शिशु रोग विभाग के सीनियर रेसीडेंट (शिशु रोग विशेषज्ञ) डॉ. कमलेश प्रसाद विश्वकर्मा को निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा अस्पताल के अधीक्षक डॉ. लखन सिंह को भी हटा दिया गया है। राज्य शासन के चिकित्सा शिक्षा विभाग ने आज स्वास्थ्य मंत्री के अनुमोदन के बाद अस्पताल में शिशु रोग विभाग के सीनियर रेसीडेंट (शिशु रोग विशेषज्ञ) डॉ. कमलेश प्रसाद विश्वकर्मा को निलंबित किया है। जांच टीम ने जांच में पाया था कि डॉ. विश्वकर्मा घटना की रात शिशु रोग विभाग में गंभीर अवस्था में नवजातों की भर्ती के बाद भी रात्रि ड्यूटी के दौरान उपस्थित नहीं थे। उन्होंने भर्ती शिशुओं के उपचार के लिए कोई पहल नहीं की।

अस्पताल अधीक्षक लखन सिंह भी बदले गए

जांच टीम ने पाया कि ड्यूटी और शिफ्ट लगाने में भी लापरवाही की गई। उनकी इस लापरवाही के कारण अस्पताल में भर्ती शिशुओं की मृत्यु हुई। शासन के अनुसार उनका यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3 का स्पष्ट उल्लंघन है। इसके साथ ही चिकित्सा शिक्षा विभाग ने अंबिकापुर चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध अस्पताल के अधीक्षक डॉ. लखन सिंह को भी हटा दिया है। उनके स्थान पर पैथोलॉजी विभाग के संचालक-सह-प्राध्यापक डॉ. आर.सी. आर्या को नया अस्पताल अधीक्षक बनाया गया है।

शिशु रोग विशेषज्ञ सूरजपुर में अटैच रहेंगे

राज्य शासन ने पत्र जारी करते हुए डॉ. कमलेश प्रसाद विश्वकर्मा को पदीय दायित्वों एवं कर्तव्यों का तत्परतापूर्वक निर्वहन नहीं करने के कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम,1966 के नियम 9 (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय, सिविल सर्जन-सह-मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय सूरजपुर निर्धारित किया गया है। उन्हें निलंबन काल में मूलभूत नियम 53 के तहत नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

कार्यपालन अभियंता को हटाने कलेक्टर को संघ ने सौंपा ज्ञापन

■ 20 से 26 तक काली पट्टी लगाकर विरोध 27 को आंदोलन की चेतावनी

कांकेर/नवप्रदेश। जल संसाधन संयुक्त संघर्ष मोर्चा जिला उत्तर बस्तर कांकेर छत्तीसगढ़ मान्यता प्राप्त संगठन के प्रमुखों की अगुवाई में बुधवार को जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता के खिलाफ कलेक्टर को ज्ञापन सौंप अन्यत्र स्थान भेजने की मांग किया गया है।

ज्ञापन सौंपने पश्चात जल संसाधन संयुक्त संघर्ष मोर्चा जिला उत्तर बस्तर कांकेर छत्तीसगढ़ मान्यता प्राप्त संगठन के प्रमोद तिवारी शरीफ खान ने बताया की एन.के.चौहान, प्रभारी कार्यपालन अभियंता को जल संसाधन संभाग कांकेर के द्वारा विभाग के अधिकारी कर्मचारियों से गाली गलोज अभद्र व्यवहार एवं तानाशाही रवैया को लेकर आपको पत्र के माध्यम से पूर्व में अवगत कराते हुए अन्यत्र हटाने की मांग की गई थी। आज पर्यन्त तक किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं होने की दशा में पृहताडित अधिकारी / कर्मचारी अत्यन्त ही हतोत्साहित एवं आन्दोलन करने बाध्य होगा। कलेक्टर परिणाम स्वरूप जल संसाधन संभाग कांकेर के समस्त अधिकारी/कर्मचारी जल संसाधन विभागीय संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले 20 दिसंबर 2022 से 26 दिसंबर 2022 तक काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन एवं कार्यवाही न होने की स्थिति में 27 दिसंबर 2022 से अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है

मादा भालू का मिला शव

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोरबा में बुधवार को एक मादा भालू का शव मिला है। शव वन विभाग के रिटायर्ड अफसर के फार्म हाउस के पास पड़ा था। ग्रामीणों ने शव देखा तो वन विभाग को सूचना दी गई। इसके बाद टीम के साथ अफसर भी मौके पर पहुंच गए। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि किसी वाहन की टक्कर से भालू की मौत हुई है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कारण स्पष्ट होगा। मामला कटघोरा वन मंडल क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, पाली रेंज के लाफा बनबांधा मार्ग पर वन विभाग के रिटायर्ड अफसर शिव कौशिक का फार्म हाउस है। उसी के पास बुधवार दोपहर ग्रामीणों ने एक भालू का शव पड़ा देखा। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम भी पहुंच गई। इसके बाद कटघोरा एसडीओ और रेंजर की मौजूदगी में पशु चिकित्सकों की विशेष टीम से भालू के शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार कर दिया गया। कटघोरा डीएफओ प्रेमलता यादव ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वन अधिकारियों को मौके पर भेजा गया था। जांच कार्यवाही में पाया गया कि एक्सीडेंट से भालू की मौत हुई होगी। भालू का उम्र करीब 10 साल बताई जा रही है। उसकी मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा। फिलहाल भालू की मौत कब और किन परिस्थितियों में हुई है, इसकी जानकारी ली जा रही है।